▸ वर्ष 72 ▸ अंक 231 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 20 मई, 2025
▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"महानता क्षणिक होती है, लेकिन गुमनामी सदा के लिए होती है।
– नेपोलियन बोनापार्ट

## ऑफ बीट

### बॉयफ्रेंड की उंगली काट निशानी के तौर पर रखी



*प्यार एक ऐसी भावना है, जो लोगों को नासमझ बनाने की ताकत रखती है। इसका जूनून जब सिर चढ़कर बोलता है तो प्रेमी-प्रेमिका के अलावा कुछ भी नजर आना बंद हो जाता है। हालांकि, अगर यही प्यार पागलपन में बदल जाए तो 2 जिंदगियां बर्बाद कर सकता है। ऐसा ही कुछ जापान में हुआ, जहां एक निर्दयी प्रेमिका ने अपने ही हाथों से अपने प्रेमी की उंगली काट डाली। यह मामला तब उजागर हुआ जब 21 साल के अज्ञात व्यक्ति ने आनन-फानन में ओसाका पुलिस को फोन किया। उन्होंने जानकारी दी कि उनकी प्रेमिका ने उनके साथ बदसलूकी की है और उन्हें शारीरिक हानि पहुंचाई है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्होंने जोड़े को एक साथ पाया और देखा कि व्यक्ति के बाएं गाल और नाक पर चोट के निशान थे।*

## आईपीएल में आज

**चेन्नई बनाम राजस्थान**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**कर्नल सोफिया मामला:** जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी, 28 तक मांगी रिपोर्ट

# सुप्रीम कोर्ट ने शाह को फटकारा फिलहाल गिरफ्तारी से दी राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर उनके माफीनामे को 'सिर्फ बचाव का दिखावा' करार देते हुए सिरे से खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, 'आपके बयान से पूरा देश शर्मिंदा है। आप एक सार्वजनिक प्रतिनिधि हैं। एक मंत्री होने के नाते, आपके शब्दों का असर व्यापक होता है। देश सेना पर गर्व करता है, और आपने एक बहादुर महिला सैन्य अधिकारी को लेकर जो बयान दिया, वह पूरी तरह से अनुचित और निंदनीय था।' पीठ ने मंत्री विजय शाह की माफी को सिरे से खारिज करते हुए कहा, 'आपने जिस तरह की घटिया और असंवेदनशील टिप्पणी की, वह क्षमा योग्य नहीं है। यह माफी सिर्फ बचने का रास्ता है, हमें ऐसे घड़ियाली आंसू नहीं चाहिए।'

शीर्ष अदालत ने मामले में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया है। इसमें एक महिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) भी शामिल होंगी। अदालत ने निर्देश दिया है कि एसआईटी की पहली रिपोर्ट 28 मई तक प्रस्तुत की जाए। साथ ही, मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया गया कि वह 20 मई सुबह 10 बजे तक टीम का गठन करें।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि मध्य प्रदेश के बाहर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एक एसआईटी गठित की जाए, जिसमें कम-से-कम एक अधिकारी आईजी या डीजीपी रैंक का हो। टीम में एक महिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। यह टीम विशेष रूप से इस मामले की जांच करेगी और उसकी निगरानी स्वयं सर्वोच्च न्यायालय करेगा।

अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच एमपी कैडर के बाहर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों द्वारा की जाएगी, जिसमें से कम से कम एक महिला अधिकारी होनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होगी, जिसमें एसआईटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन.के. सिंह की पीठ शाह की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश हाई कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज कराई गई एफआईआर को चुनौती दी थी। इससे पहले अदालत ने कहा कि शाह को ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### क्यों नहीं स्वीकारते?

"आप कह रहे हैं 'यदि मैंने किया हो तो'- यह 'अगर-मगर' की भाषा नहीं चलेगी। आपको सार्वजनिक रूप से अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए थी। आप किस माफी की बात कर रहे हैं? क्या आपने वीडियो देखा है? हमने देखा है- आप गाली देने वाले थे, लेकिन रुके क्योंकि शायद कोई शब्द नहीं मिला या होश आ गया। आपने जिस तरह की घटिया और असंवेदनशील टिप्पणी की है, वह क्षमा के योग्य नहीं।

**- सुप्रीम कोर्ट (सुनवाई के दौरान)**



**निर्देश:** मामले में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी 20 मई को सुबह 10 बजे तक गठित की जाए। इसमें एक महिला एसपी भी शामिल हो। एसआईटी की पहली रिपोर्ट 28 मई तक प्रस्तुत की जाए।

**फटकार:** अदालत ने कहा- आपने जिस तरह की घटिया और असंवेदनशील टिप्पणी की, वह क्षमा योग्य नहीं है। यह माफी सिर्फ बचने का रास्ता है, हमें ऐसे घड़ियाली आंसू नहीं चाहिए।

**सवाल:** राज्य सरकार निष्क्रियता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने पूछा- सरकार ने एफआईआर दर्ज होने के बाद अब तक क्या किया? क्या एचएचओ ने जांचा कि किन धाराओं के तहत अपराध बनता है? अब तक की स्थिति क्या है?

**राहत:** सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह की तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है, लेकिन उन्हें जांच में सहयोग देने और एसआईटी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

**व्यापमं घोटाला:** चार एफआईआर व चार्जशीट खारिज

# खनन कारोबारी सुधीर को हाईकोर्ट ने दी क्लीन चिट

**विधि संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में फंसे खनन कारोबारी सुधीर शर्मा को हाईकोर्ट ने सोमवार को क्लीन चिट दे दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने इस घोटाले को लेकर चार मामलों में दर्ज एफआईआर और उसके बाद दायर की गई चार्जशीट को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने फैसले में लिखा कि बिचौलिये के रूप में सुधीर शर्मा की भूमिका को लेकर कोई सबूत नहीं हैं, लिहाजा उसके खिलाफ मामला चलाया जाना उचित नहीं है।



गौरतलब है कि बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में खनन कारोबारी सुधीर शर्मा के खिलाफ अपराध क्रमां 17/13, 18/13, 20/13 और 4/15 दर्ज हुए थे। सुधीर शर्मा पर आरोप था कि उन्होंने कुछ उम्मीदवारों को परीक्षा नियंत्रक पंकज त्रिवेदी और सिस्टम एनालिस्ट नितिन महिन्द्रा से मिलवाया था। इस घोटाले की जांच कर रही एसटीएफ ये यह जांच आगे सभी मामले सीबीआई को जांच के लिए ट्रांसफर किए गए थे।

चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच मामलों पर हुई सुनवाई के दौरान सुधीर शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे और अधिवक्ता कपिल शर्मा ने पक्ष रखा था। मामलों पर 15 अप्रैल 2025 को सुनवाई के बाद बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### 23 महीने जेल में रहने के बाद मिली थी जमानत

सुधीर शर्मा पर आरोप था कि उन्होंने व्यापम परीक्षा से संबंधित आरक्षक भर्ती परीक्षा, प्लाटून कमांडर और संविदा शिक्षक वर्ग तीन की भर्ती परीक्षा कुछ उम्मीदवारों को परीक्षा नियंत्रक पंकज त्रिवेदी और सिस्टम एनालिस्ट नितिन महिन्द्रा से मिलवाया था। 23 महीने जेल से रिहा होते समय मीडिया से सुधीर शर्मा ने कहा था कि, मुझ पर लगाए गए आरोप गलत हैं। मैं सीबीआई जांच के लिए तैयारी हूं। मैंने पैसे लेकर किसी की नौकरी नहीं लगाई। मुझे फंसाने में कोई राजनीतिक षडयंत्र हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### 31 मई को आएंगे भोपाल पीएम मोदी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल प्रवास पर आएंगे। पीएम यहां महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। पीएम भोपाल से इंदौर मेट्रो को वचुर्अली हरी झंडी भी दिखा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री के भोपाल प्रवास की तैयारियों को लेकर सोमवार को बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर 21 मई से एक अभियान शुरू करेगी, जो 31 मई तक चलेगा। इसमें अहिल्याबाई की विरासत और सुशासन के बारे में आमजन को जानकारी दी जाएगी।



### इंदौर के राजवाड़ा में आज कैबिनेट की बैठक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक 20 मई को इंदौर के राजवाड़ा भवन में आयोजित की गई है। इसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी। यह बैठक देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित होगी। बैठक में शामिल होने के लिए सभी मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी इंदौर पहुंच चुके हैं। बैठक में विजन 2047 को लेकर मंत्रियों द्वारा अपने-अपने विभाग का प्रजेटेंशन दिया जाएगा। बैठक में इंदौर और भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। इसके लिए कैबिनेट बस परिवहन सेवा योजना को भी सहमति जता सकती है। बैठक को लेकर राजवाड़ा को मालवी संस्कृति से सजाया है और लोकमाता होल्कर के सुशासन और महिलाओं को सशक्त बनाने वाले कार्यों का प्रदर्शन किया है।

# स्कूलों में नियुक्त होंगे परिवहन अफसर

## बस की फिटनेस, बीमा, ड्राइवर की जांच की होगी जिम्मेदारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की राजधानी भोपाल के सभी स्कूलों में अब परिवहन अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। संचालकों को यह नियुक्तियां करनी होंगी। 12 मई को भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर हुए बस हादसे के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। यदि परिवहन अधिकारी की नियुक्ति में स्कूल संचालक लापरवाही करते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी। परिवहन अधिकारी के पास स्कूल की सभी बसों की फिटनेस, बीमा और ड्राइवर के कैरेक्टर सर्टिफिकेट जांचने की जिम्मेदारी होगी। ड्राइवरों की समय समय पर स्क्रीनिंग भी करनी होगी।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शहर के स्कूल संचालक, ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ के अमले की बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्कूल संचालकों के लिए निर्देश जारी करते हुए कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से पहले हर स्कूल संचालक को स्कूल के अंदर परिवहन अधिकारी की नियुक्ति करनी होगी। गौरतलब है कि ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार शहर में 4500 से भी ज्यादा स्कूल बसें हैं।




### अमले के साथ सड़क पर उतरेंगे अधिकारी

कलेक्टर ने आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को वाहनों की फिटनेस और ड्राइवर की स्क्रीनिंग में होने वाली लापरवाही को सुधारने की हिदायत दी। कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि सड़क पर बिना फिटनेस के स्कूल बस चली तो गाज अधिकारियों पर भी गिरेगी। अधिकारी एसी चैंबर में बैठ कर काम न करें। उन्हें अमले के साथ सड़क पर उतरकर स्कूल बस सहित अन्य वाहनों की फिटनेस जांचना होगी।

## लोन घोटाले में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध गोयल को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में की गई है, जिसमें 6,210.72 करोड़ रुपए (ब्याज को छोड़कर) के लोन की हेराफेरी और गबन का आरोप है। गोयल को दिल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया और कोलकाता की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया।

# शहडोल में हाथियों ने तीन को कुचला

**जागरण, शहडोल।** उत्तर वन मंडल के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई हैं। जंगली हाथियों ने तीनों को कुचल दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर वन अमला पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना वन परीक्षित गोदवाल के सनौसी बीट में हुई है। वन अधिकारियों ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है। इसे लेकर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने 25 सदस्यीय रेस्क्यू टीम को अलर्ट कर दिया है। सभी परिक्षेत्रों के अधिकारी और कर्मचारियों को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि रेस्क्यू टीम को अलर्ट किया गया है। टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के साथ हाथियों पर निगरानी के लिए गश्त और बढ़ा ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### 25-25 लाख रुपए सहायता राशि

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाथियों के हमले में 3 ग्रामीणों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रत्येक मृतक के वैध आश्रित को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं और वन विभाग की टीम को हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं।

## पुलिस, फारेंसिक टीम ने अपराधियों को बचाने हत्या को आत्महत्या बनाया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा की मौत के मामले में उनके भाई अनुराग मिश्रा ने तत्कालीन पुलिस अधिकारियों, फारेंसिक विशेषज्ञों पर लापरवाहीपूर्ण विवेचना करने का आरोप लगाते हुए टीटी नगर थाने में आवेदन देकर फिर से जांच करने की मांग की है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने दावा किया की उनकी बहन की मौत की जांच करने वाले पुलिस के तत्कालीन विवेचक अधिकारी महेन्द्र सिंह करचुली, थाना प्रभारी केएस सिंह, थाना प्रभारी एलएम जैदी, फारेंसिक विशेषज्ञ डॉ. डीके सतपथी व डॉक्टर योगीराज शर्मा ने अपराधियों को बचाने के उद्देश्य से सही जांच नहीं की है। कोर्ट ने भी माना है कि पुलिस की जांच अधूरी है। अनुराग ने आरोप लगाए कि अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व उनके भाई लक्ष्मण सिंह की संलिप्ता, षडयंत्र उजागर नहीं हो सके इसलिए साजिश के तहत हत्या के मामले को आत्महत्या बना दिया। बतादें, फरवरी 1997 में सरला मिश्रा की भोपाल के टीटी नगर स्थित आवास में जलने से मौत हो गई थी। महीनेभर पहले कोर्ट में पुलिस ने इस मामले में खात्मा रिपोर्ट कोर्ट में पेश की थी। कोर्ट ने रिपोर्ट में गंभीर खामियां पाते हुए इसे खारिज करते हुए दोबारा जांच के आदेश दे दिए थे।

## सिख गुरुओं पर बनाए एआई वीडियो पर आपत्ति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चर्चित यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया। आरोप है कि इसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी फिलहाल जर्मनी में रहते हैं। 'द सिख वॉरियर हू टेरिफाईड द मुगल' शीर्षक से एक वीडियो में उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने इसे सिख इतिहास को विकृत करने की कोशिश बताया।

**निर्वासन** | सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक की याचिका सुनने से किया इनकार, कहा-

# भारत धर्मशाला नहीं कि सबको शरण दे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है।



**यह है मामला**

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ लिट्टे कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने सजा घटाकर तीन साल कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में लिट्टे के पूर्व सदस्य के रूप में लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

## जबरन या धोखाधड़ी से धर्मांतरण का समर्थन नहीं

**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा है कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, अभ्यास करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है, लेकिन यह जबरन या धोखाधड़ी से कराए गए धर्मांतरण को किसी भी रूप में समर्थन नहीं देता। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के अंतर्गत दर्ज एक एफआईआर को रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए की। इस मामले में चार लोगों पर आरोप था कि उन्होंने लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए पैसों और मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लालच दिया। न्यायालय ने कहा कि आरोप गंभीर और प्रथमदृष्टया सत्यापन योग्य हैं, इसलिए उन्हें रद्द नहीं किया जा सकता।



# सामंजस्य एवं विभागीय सक्रियता की कमी से निर्माण कार्यों में विलंब अस्वीकार्यः उप मुख्यमंत्री

**जागरण, सतना**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें और अंतर्विभागीय समन्वय से संबंधित विषयों को तत्काल रेखांकित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्थलों पर निर्माण एजेंसियों को भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है अथवा अन्य कोई प्रशासनिक विभागीय अवरोध या असमंजस की स्थिति है, उसकी स्थिति उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत कराई जाए, ताकि उनका प्राथमिकता से निराकरण कार्य को गति दी जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सामंजस्य एवं विभागीय सक्रियता की कमी से कार्यों में विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करना स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अधोसंरचना विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।



## भुगतान में विलंब विभागीय उदासीनता

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किए गए कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में विलंब से कार्य की गति प्रभावित होती है और यह विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी स्वयं मैदानी निरीक्षण कर कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करें तथा 15वें वित्त आयोग और पीएम-अभीम योजना के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, अंडर ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट सीट अपग्रेडेशन, सीसीबी सहित सभी अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट का योजनाबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए, और उपकरण एवं फर्नीचर की खरीदी का कार्य समानांतर रूप से किया जाए। जिससे निर्माण कार्य पूर्ण होने और सेवा प्रदाय में विलम्ब न हो।

# विद्यार्थियों के माता-पिता हुए सम्मानित साथ ही लॉन्च हुई विद्यार्जुन स्कॉलरशिप



**जागरण, सतना।** अकेडमिक हाइट्स पब्लिक पब्लिक स्कूल सतना करही स्थिति विहंगम सभागार मे आयोजित विद्यार्जुन स्कॉलरशिप का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल चेयमैन सार्थक हॉस्पिटल, भूतपूर्व अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन / तथा संस्था के चेयरमैन शम्मी पुरी, डायरेक्टर शाश्वत पुरी, डायरेक्टर सनातन अग्रवाल, प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह, उप प्राचार्य संजीव सेंगर एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति मे हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों के माता पिता का अंग वस्त्र एवं श्री फल द्वारा सम्मानित किया गया आज बच्चे जिस शिखर पर हैं उनकी ही सकारात्मक सोच की वजह से हैं। विद्यार्जुन छात्रवृत्ति के विषय में प्राचार्या ने जानकारी दी जिसके अनुसार सीबीएसई बोर्ड के 10 वीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधावी छात्रों को 11वीं एवं 12वीं कक्षा मे अध्ययन हेतु ट्यूशन फीस मे विशेष छूट देकर न केवल उनको प्रोत्साहन देंगे बल्कि उनकी मेधा को और बेहतर करने मे योगदान भी दिया जाएगा विद्यार्जुन छात्रवृत्ति के अतिरिक्त स्पोर्ट्स के मेधावी छात्रों हेतु राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागियों हेतु विशेष छूट 25 प्रतिशत से लेकर 75 प्रतिशत तक की तथा भाई बहनो के लिए सिबलिंग पॉलिसी के तहत 10प्रतिशत से लेकर 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगीए साथ ही केवल 11वीं कक्षा हेतु 1 साल के लिए 25 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

# भारत इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**जागरण, सतना।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नई एक्टिविटी से अवगत कराने रामपुर बघेलान क्षेत्र में संचालित भारत इंटरनेशनल स्कूल तपा में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया आयोजित कैंप में विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को योगाभ्यास तरह.तरह के वाद्य यंत्रों में पारंगत करना क्रिकेट वॉलीबॉल पेंटिंग और उनके संस्कारों पर विशेष फोकस किया गया। भारत इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती पदमा सुनील सोनी एवं डायरेक्टर अभिषेक सोनी ने बताया कि उनका विद्यालय संचालन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ संस्कार भी देना है उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता कितनी भी सुधार ली जाए मगर बच्चों को संस्कार ना दिया जाए तो उनकी शिक्षा किसी काम की नहीं इसलिए वह बच्चों के संस्कार एवं साहित्यिक विचार पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हैं जिस पर उन्होंने काफी कम समय में बच्चों को नए-नए वाद्य यंत्रों को बजाने संगीत और चित्रकला में भी पारंगत किया है साथ ही हमने समर कैंप में क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए भी सुविधा दे रखी है जिसमें आसपास क्षेत्र के बच्चे निशुल्क समर कैंप में सम्मिलित होकर समर कैंप का भरपूर लाभ ले सकते हैं जो उनके विद्यालय में नहीं पढ़ते साथ ही उनसे समर कैम्प की शुल्क भी विद्यालय द्वारा नहीं ली जाएगी।

# प्रिज़्म जॉनसन को पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए एपेक्स इंडिया ग्रीन लीफप्लेटिनम अवार्ड मिला




**जागरण, सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड ;सीमेंट डिवीजनद्ध को पर्यावरण प्रबंधन एवं सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एपेक्स इंडिया ग्रीन लीफ अवार्ड 2024 के अंतर्गत प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 9वें एपेक्स इंडिया ईएसजी एवं सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस 2024 में प्रदान किया गयाए जो फेयरफील्ड बाय मैरियटए देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से रीमा तिवारी पर्यावरण विभाग एवं शारदा यसरापु टेक.प्रोसेस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह अध्यक्ष एपेक्स इंडिया फाउंडेशन मेजर जरनल सेवानिवृत्त पीके सैघल तथा उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जरनल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त की गरिमामयी उपस्थित रही। वक्ताओं ने ईएसजी पर्यावरण सामाजिक और शासन की भूमिका और राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क अधिकारी देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया किए प्रिज़्म सीमेंट को यह अवार्ड पर्यावरण के संरक्षण के अंतर्गत किये गये कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन वाटर पजिटिव ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए सघन वृक्षारोपण कार्बोन फुट प्रिंट रिडक्सन, प्लास्टिक एवं हर्जाडस वेस्ट मैनेजमेंट, सस्टेनेबिलिटी डेवलपमेंट एवं पर्यावरण सामाजिक और शासन ईएसजी में किये गए सराहनीय कार्यों एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन के लिए प्रदान किया गया है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड ;सीमेंट डिवीजनद्ध द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले पुरस्कार पर प्रेसीडेंट एवं प्लांट हेड मनीष कुमार सिंहए सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एवं कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा के अलावा अन्य अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही साथ पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप, सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी, सहायक महाप्रबंधक बिहारी सिंह शेखावत, सहायक प्रबंधक अंकिता सिंह परिहार एवं अन्य विभाग के समस्त अधिकारियों को उपलब्धि की बधाई दी।

# नरवाई जलाने के 829 मामले सेटेलाईट मैपिंग में आये सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500, दो एकड से अधिक किन्तु पांच एकड से कम भूमिधारक को 5000 तथा पांच एकड से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार 18 मई तक की स्थिति में सतना में 675 एवं मैहर जिले में 153 कुल 829 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें तहसील रघुराजनगर में 136, कोठी में 41, रामपुर बघेलान में 103, कोटर में 103, मझगवां में 23, बिरसिंहपुर में 37, नागौद में 167 तथा उचेहरा में 66 घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 54, मैहर में 85 तथा रामनगर में 13 घटनाएं दर्ज की गई है। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

# कुछ मस्ती कुछ पढ़ाई समर कैंप का हुआ समापन



**जागरण, सतना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सतना कृष्णा नगर के गीता पाठशाला न्यू रामनगर में कुछ मस्ती कुछ पढ़ाई समर कैंप का समापन समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यू रामनगर की पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता पटेल विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या शाला की शिक्षिका राजेश्वरी जयसवाल के साथ बीण्के रूबी दीदी बीण्के रंजीत भाई बीण्के खुशी बहन व किरण बहन के द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिव परमात्मा को याद कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया जिसमे अतिथियों का स्वागत बी.के खुशी बहन के द्वारा किया गया और विद्यालय के परिचय से भी अवगत कराया बी. के रुबी दीदी ने संस्था के मुख्य उद्देश्य को बताया कि इस संस्था का उद्देश्य सिर्फ स्वयं का जीवन परिवर्तन करना नहीं है बल्कि स्व परिवर्तन कर विश्व परिवर्तन करना है एवं सुखमय संसार स्थापना करना है वही बच्चो ने भी कार्यक्रम मे बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे संस्कृति कला पर आधारित नृत्यए भाषण ड्रामा एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया वही बच्चों का उमंग उत्साह बढ़ाने के लिए बी.के रुबी दीदी व अन्य अतिथियों के द्वारा बच्चों को सौगात देकर सम्मानित भी किया गया और प्रसाद वितरण किया गया।

# एकेएस के 10 स्टूडेंट्स की हट्टी गोल्ड माइंस रायचूर, कर्नाटक में एजुकेशनल ट्रेनिंग



**जागरण, सतना।** एकेएस के माइनिंग विभाग के 10 स्टूडेंट्स हट्टी गोल्ड माइंस रायचूर,कर्नाटक में एजुकेशनल ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। बी टेक माइनिंग छठवे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को एजुकेशनल ट्रेनिंग के दौरान अभी तक उनके द्वारा पढ़े गए कोर्स कंटेंट के बारे में यहां प्रैक्टिकल ट्रेनिंग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में मिलेगी। स्टूडेंट का मार्गदर्शन फैकल्टी शीलेंद्र उपाध्याय कर रहे हैं। इंजी डीन प्रो जी.के.प्रधान, डॉ.बी.के.मिश्रा, प्रो.अनिल कुमार मित्तल ने 19 मई से 25 मई तक चलने वाली ट्रेनिंग के दौरान स्टूडेंट्स को अधिकतम सीखने की सलाह दी है।

# अपना दल एस मध्यप्रदेश का चिंतन शिविर भोपाल में संपन्न



**सतना।** अपना दल एस मध्य प्रदेश का चिंतन शिविर रविवारए 18 मई को भोपाल में आयोजित हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संगठन की मजबूती आगामी गतिविधियों और सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु रणनीतिक चर्चाएं हुईं। शिविर में प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ अखिलेश पटेल मुख्य रूप से शामिल रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने की। चिंतन शिविर में मध्य प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करनेए सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। यह शिविर न केवल रणनीति निर्माण का मंच रहा बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और दिशा.निर्देश प्राप्त करने का अवसर भी साबित हुआ। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहाए मध्य प्रदेश में अपना दल एस की जड़ें मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। मैं यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का एक सिपाही बनकर आया हूं और एक सेनानायक बनाने आया हूं।

## जिला अस्पताल मे भर्ती मरीज का मोबाइल चोरी



**कटनी।** जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। यहां मरीजों के सामान की चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। आरथो वार्ड के बेड नंबर 3 में घुसकर चोर मरीज का मोबाइल लेकर भाग गए। वारदात सीसीटीवी में भी कैद हो चुकी हैं पर अस्पताल प्रबंधन सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखा रहा हैं। पीड़िता ने पुलिस को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार अरमान बर्मन पिता आशीष बर्मन निवासी देवराखुर्द बड़ागांव रीठी कंधे के दर्द से कराहते हुए इलाज के लिए 5 मई से जिला अस्पताल मे भर्ती हैं जहाँ पर इसका ऑपरेशन हुआ हैं। इलाज के दौरान उसने बेड पर अपना मोबाइल रख दिया था और जब वह उठा तो मोबाइल ही गायब थे। काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल का पता नहीं चल सका। पीड़िता कराहते हुए कोतवाली पंहुचा और पुलिस को आवेदन सौंपा। पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर चोर का पता लगाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

# लघु उद्योग भारती कटनी की इकाइयों का पुनर्गठन सम्पन्न




**कटनी।** लघु उद्योग भारती कटनी की सभी पांच इकाइयों का पुनर्गठन गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल अरिंदम में आयोजित किया गया। जिसमें संभागीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिले के 150 से अधिक उद्यमी उपस्थित रहे।

पुनर्गठन के अंतर्गत निम्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए जिसमें शहरी एवं मंडी क्षेत्र इकाई अध्यक्ष अमित सिंघई, सचिव नीलेश विश्वकर्मा, लमतरा इकाई अध्यक्ष समीर सेठिया, सचिव अंकित गोयल, बरगवां अमकुही इकाई अध्यक्ष राजकुमार आसरानी, सचिव मनीष सिंघानी, माधवनगर औद्योगिक क्षेत्र इकाई अध्यक्ष अशोक चेनानी, सचिव रॉकी राजपालानी, महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती नीति ठाकुर, सचिव श्रीमती श्वेता सिंह।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी ने सभी नवनामित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संगठन में प्रत्येक दो वर्ष में अखिल भारतीय स्तर पर पुनर्गठन की प्रक्रिया अपनाई जाती है जो पारदर्शिता एवं सर्वसम्मति के सिद्धांतों पर आधारित होती है। लघु उद्योग भारती में चुनाव नहींए बल्कि मनोनयन प्रक्रिया के माध्यम से दायित्वों का निर्धारण किया जाता है।

कार्यक्रम में महाकौशल संभागीय अध्यक्ष अनिल वासवानी, संभागीय सचिव हरिसिंह भदौरिया तथा सह.सचिव मुरलीधर रतनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन केसरी द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। लघु उद्योग भारती सदैव उद्यमिता के विकास, उद्योग जगत के सशक्तिकरण तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने चलाया जा रहा अभियान

**उचेहरा।** जीवन दान ग्रुप यू एम सी ए फाउंडेशन की ओर से कारी माटी रामदेवालय में संजना कोल के विवाह में दो हजार एक सौ राशि एवं सदस्यो द्वारा उपहार देकर अनुकरणीय कार्य किया पैसा जो भी हो लेकिन जरूरत मंद को यह राशि डूबके के तिनके का सहारा के समान है एक गरीब परिवार को कही से भी जो भी सहायता राशि मिली परिवार जनों ने संस्था के प्रति अपना आभार प्रकट भी किया। संस्था द्वारा नारी सशक्ति करण को बढ़वा देने और कई तरह के प्रकल्प चलाये जा रहे है। इस अवसर पर ग्रुप के डिस्टिक क्राडिनेटर राजेश ताम्रकार सहित ग्रुप के अन्य सदस्य गण भी मौजूद रहे।

## वन विभाग ने पकड़ा खैर की लकड़ी का जखीरा

**छतरपुर।** वन विभाग छतरपुर रेंज की गंज बीट अंतर्गत हतना-सतना गांव में वन विभाग की टीम ने खैर की अवैध लकड़ी का बड़ा जखीरा पकड़ा है। लकड़ी कुसमा, महाराजपुर निवासी संतोष सिंह पुत्र दुर्जन सिंह ठाकुर के पास डंप थी। वन विभाग को देखते ही ड्राइवर यूपी 95 टी 5763 नंबर की पिकअप लेकर फरार हो गया। बताया गया है कि क्षेत्रीय वन विभाग की टीम ने तस्करी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए जखीरा जब्त किया है। इस ऑपरेशन में डिप्टी रेंजर शिवरतन सिंह, वनपाल मयूर श्रीवास्तव, वनरक्षक दीपक चतुर्वेदी, प्रदीप अहिरवार, पुष्पेंद्र नगर, मैयादिन यादव, मधु तिवारी और अशोक नामदेव ने अहम भूमिका निभाई।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 20 मई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.40 अस्त : आज
05.17 उदय : कल

शहर का तापमान
42.0 0 अधिकतम
26.0 0 न्यूनतम



# जिले में 44 फीसदी से ज्यादा हुआ तेंदुपत्ता संग्रहण

जागरण तेंदुपत्ता

## तपती धूप में परिवार सहित पत्ता तुड़ाई में लगे गरीब

### सभी 51 वन समितियों में पत्ता तोड़ाई का कार्य जोरों पर

जागरण, सीधी





जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने की शुरुआत 13 मई से हुई। 14 मई को तेंदुपत्ता तोड़ने का काम होने के बाद हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया जिसके कारण 16 मई से अनवरत रूप से तुड़ाई का काम जारी है। मौसम अनुकूल रहा तो 22 मई तक तेंदुपत्ता तोड़ने का काम भी लक्ष्य के अनुसार पूरा हो जाएगा। तपती धूप में परिवार सहित तेंदुपत्ता श्रमिक जंगलों में तेंदुपत्ता तोड़नें में पूरी तरह से मुस्तैद हो चुके हैं। बताते चलें कि इस वर्ष 51 वन समितियों के माध्यम से सीधी जिले में तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य किया जाना है। सीधी जिले को 1 लाख 8341 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य इस वर्ष मिला है। 51 समितियों के माध्यम से 48 हजार 448 मानक बोरा तेंदुपत्ता का संग्रहण शनिवार तक किया जा चुका है। यह लक्ष्य का 44.72 प्रतिशत है। सीधी जिले में बहरी रेंज में सबसे ज्यादा 63 प्रतिशत तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य पूरा किया जा चुका है। बहरी रेंज में जल्द ही लक्ष्य के अनुसार तेंदुपत्ता तोड़ने का काम पूरा कर लिया जाएगा। कुसमी एवं मझौली अंचल में भी तेजी के साथ तेंदुपत्ता तोड़ने का काम किया जा रहा है। चुरहट रेंज में भी तेंदुपत्ता तोड़ने का काम काफी द्रुत गति से चल रहा है। इस रेंज में भी तेंदुपत्ता की गुणवत्ता काफी अच्छी बताई गई है। इसी वजह से तेंद ुपत्ता मौसम अनुकूल होते ही तोड़ने का काम किया जा रहा है। बताते चलें कि इस वर्ष मौसम की प्रतिकूलता के चलते तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य काफी विलंब से शुरू हुआ है। मौसम के अनुकूल होने पर तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य 10 मई के आसपास शुरू हो जाता था। इस वर्ष बूंदा-बांदी एवं हल्की बारिश का दौर मई महीने में शुरू रहा। जिसके चलते तेज धूप नहीं खिल सकी। तेंदुपत्ता की गुणवत्ता के लिए तेज धूप का खिलना काफी जरूरी होता है। साख कर्तन का कार्य विभाग द्वारा समय पर कराया गया था। जिससे तेंदुपत्ता भरपूर मात्रा में तैयार हो सके। जंगलों में तेंदुपत्ता काफी मात्रा में तैयार भी हुई है। लेकिन मौसम की प्रतिकूलता के चलते तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य निर्धारित से काफी विलंब से शुरू हुआ है। फिर भी जिला लघु वनोपज संघ द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य काफी तेजी के साथ हो। जिससे ज्यादा से ज्यादा तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य हो सके। उधर तेंदुपत्ता संग्रहण के कार्य में लगे श्रमिकों में काफी उत्साह है। उनके द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि कम समय में ही ज्यादा से ज्यादा तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य कर लिया जाए। जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा पारिश्रमिक का भुगतान हो सके। तेंदुपत्ता संग्रहण के कार्य में सबसे ज्यादा समितियों के आसपास के आदिवासी परिवार के लोग ही लगे हुए हैं।

### कुसमी,मझौली के आदिवासी परिवार का सहारा है तेंदुपत्ता

जिले के विकासखंड कुसमी एवं मझौली के आदिवासी परिवारों का तेंदुपत्ता आजीविका का बड़ा सहारा है। गर्मी के दिनों में तेंदुपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू होने को लेकर आदिवासी परिवारों को काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। उनके द्वारा तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य शुरू होते ही सुबह से लेकर शाम तक तोड़ने का कार्य किया जाता है। आदिवासी परिवारों को यह अच्छे से मालूम रहता है कि कौन सा तेंदुपत्ता गुणवत्ता को लेकर सही है। इसी वजह से उनके द्वारा अच्छी गुणवत्तायुक्त तेंदुपत्ता तोड़ने का कार्य किया जाता है। तेंदुपत्ता की गुणवत्ता को लेकर सीधी जिले का तेंदुपत्ता काफी श्रेष्ठ माना जाता है। इसी वजह से इसकी मांग काफी ज्यादा रहती है। तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य सही तरीके से संपन्न करानें के लिए जिला लघु वनोपज संघ पूरी व्यवस्थाओं को बना चुका है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को कमर्जी पुलिस नें हिरासत में लेकर आरोपियों के कब्जे से लगभग 27 हजार रूपए कीमती 60 लीटर अंग्रेजी तथा देशी शराब जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह के नेतृत्व में कमर्जी पुलिस नें अवैध रूप से शराब की बिक्री के मामले में दो आरोपियों को हिरासत मे लेकर मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह को कॉम्बिग गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम अदयपुर का भोला गुप्ता पिता शोभनाथ गुप्ता अपनी किराना दुकान के अन्दर रामपाल पटेल निवासी हर्दी थाना अमिलिया के साथ मिलकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में रखे हुये है। मुखबिर सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी तुरंत मय स्टाफ सूचना के तस्दीक तथा कार्रवाई हेतु रवाना हुए एवं मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर कर रेड कार्यवाही किये तो मौके पर दो व्यक्ति मिले जिनसे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी एवं रामपाल पटेल पिता राजमनि पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी हर्दी थाना अमिलिया जिला सीधी का होना बताये। उसके पश्चात भोला गुप्ता के दुकान के अन्दर की तलाशी ली गई जो दुकान में कुल 7 नग कार्टून मिला, जिसे खुलवाकर देखा गया जिसमें देशी तथा अंग्रेजी शराब पायी गयी। तत्पश्चात भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी से उक्त शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात चाहा गया जो कोई कागजात का होना नही बताया। साथ ही यह भी बताया कि उक्त शराब रामपाल पटेल निवासी हर्दी थाना अमिलिया द्वारा बिक्री हेतु लाकर दिया गया है जिसकी बिक्री हम दोनो मिलकर कर रहे है। जिससे आरोपी भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी एवं रामपाल पटेल पिता राजमनि पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी हर्दी अमिलिया जिला सीधी का कृत्य धारा 34(2) मप्र आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से आरोपीगणो के कब्जे से कुल शराब 60 लीटर कीमती 27160 रुपये को जप्त किया जाकर उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरी पवन सिंह, प्रधान आरक्षक राजू जायसवाल, अभय वर्मा आर नीरज सिंह, शुभम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन




**जागरण, सीधी।** रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट में दिनांक 19 मई 2025 को प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यालय के उन होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में समर्पित था, जिन्होंने सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनेंद्र मिश्रा राजन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। मंच पर विद्या की देवी को नमन करते हुए पूरे वातावरण में एक पावन ऊर्जा का संचार हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल राजेंद्र पटेल ने अतिथियों और छात्रों के अभिभावकों के प्रति उद्बोधन प्रकट करते हुए बच्चों को अनुशासन का महत्व बताया। विद्यालय के एकेडमिक हेड मनीष सेन के द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रकार के विद्यालयीन क्रियाकलाप आदि की बेहतरीन जानकारी अभिभावकों एवं अतिथियों को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि अनेंद्र मिश्रा राजन एवं विशिष्ट अतिथि अवनीन्द्र सिंह ने मंच पर उपस्थित टॉप 3 रैंक होल्डर विद्यार्थियों को मेडल, शील्ड व चॉकलेट प्रदान कर सम्मानित किया। यह पल न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए भी अत्यंत गर्वपूर्ण रहा। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा प्रतिभा केवल अंक नहीं होती, वह अनुशासन, मेहनत और निरंतरता का परिणाम होती है। ऐसे समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की ऊर्जा भरते हैं। विद्यालय संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने मंच से कहा यह सम्मान केवल छात्रों का नहीं, यह हर शिक्षक, हर अभिभावक और हर कर्मचारी की मेहनत का फल है। यह हमारा साझा गर्व है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अध्यापकगण व स्टाफ सदस्यों को भी विशेष धन्यवाद व सराहना दी गई, जिनके सतत मार्गदर्शन, सहयोग और अनुशासन के बल पर विद्यालय की यह उपलब्धि संभव हो पाई। उक्त कार्यक्रम में नीलम तिवारी, साधना पटेल, रोली सिंह, संध्या सिंह, रीनू विश्वकर्मा, विनय नामदेव, अजीत नामदेव, जयसिंह, तौसीफ रजा, कमलाकर पटेल, दिलीप सिंह, राज सिंह, अजय वर्मा, राहुल मिश्रा, शेरबहादुर सिंह, आकाश, पारुल पाण्डेय, जया मिश्रा, बीके पाण्डेय आदि शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

## पुलिस ने कांबिंग गस्त में 27 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** सीधी पुलिस ने अपराधी विरोधी धर पकड़ अभियान में कॉम्बिग गश्त कर 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया, साथ ही 29 गुण्डा बदमाश व 21 निगरानी बदमाशों को चेक कर चेताया व भविष्य मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से रहें इसकी हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना/चौकी के थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 18-19 मई 2025 के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 2 स्थाई वारंट एवं 25 गिरफ्तारी वारंट कुल 27 वारंट तामील किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 29 गुण्डा बदमाश एवं 21 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। कॉम्बिग गश्त में थाना कोतवाली ने 1 स्थाई वारंट एवं 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी ने 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट ने 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना रामपुर नैकिन ने 1 स्थाई वारंट एवं 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी ने 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया ने 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी ने 4 गिरफ्तारी, थाना मझौली ने 2 गिरफ्तारी वारंट तथा थाना मड़वास नें 1 गिरफ्तारी वारंट, तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्त मे लिया है। सीधी पुलिस द्वारा फरार आरोपियों के धर पकड़ एवं गुंडा-निगरानी बदमाश के तलाशी हेतु कॉम्बिग गश्त अभियान चलाया जाता है, जिसमे विभिन्न अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि जैसे अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इसी क्रम में अभियान स्तर पर कार्रवाई करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 27 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी को किया दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** गुम बालिकाओं की दस्त्याबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नाबालिक किशोरी को कोतवाली पुलिस नें दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र प्रताप मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने 5 दिवस पूर्व लापता हुई नाबालिक किशोरियों को ढूंढ़कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली मे फरियादी ने दिनांक 13 मई 2025 को रिपोर्ट किया था कि उनकी नाबालिक बेटी घर से लापता हो गई है। आस पड़ोस एवं नात रिश्तेदारी मे तलाश करने पर कोई पता नही चला। रिपोर्ट पर मामला कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए लापता किशोरी के पता तलाश हेतु पुलिस की टीम रवाना की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयास एवं तकनीकी दक्षता फलस्वरूप पुलिस टीम लापता किशोरी को ढूंढ़कर दस्तयाब करते हुए थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया है। समस्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र प्रताप मिश्रा, उनि राजमणि अहिरवार प्रआर राजकुमार मिश्रा, महिला प्रआर कुसुम सिंह व ममता पाठक एवं सायबर सेल से आरक्षक कृष्णमुरारी द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## संजय गांधी महावि में जल मंदिर का किया गया उद्घाटन

**जागरण, सीधी।** अभाविप के गतिविधि कार्य सेवार्थ विद्यार्थी के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय में जल मंदिर का किया गया उद्घाटन जिसमें समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं अनेकों छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे। सेवार्थ विद्यार्थी जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को सेवा के कार्य से जोड़ना समाज एवं राष्ट्र हित के लिए प्रोत्साहित करना है। एसएफएस के द्वारा भीषण गर्मी को दृष्टिगत महाविद्यालय में आने जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं आमजन को शुद्ध शीतल पेय जल उपलब्ध हो इस हेतु किया गया। जल मंदिर के उद्घाटन उपरांत समस्त जानों को मुंह मीठा करा कर जल पिलाया गया। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थी परिषद की प्रशंसा करते हुए इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद न केवल छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। अपितु विद्यार्थी परिषद समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी कार्य करता है तथा विद्यार्थीयों को सेवा कार्य में जोड़ने के लिए प्रेरित करता है।

# ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर लगभग 6 लाख रूपए कीमती मशरुका जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी कुसमी सुश्री रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी भुइमाड़ उनि डीडी सिंह के नेतृत्व में भुइमाड़ पुलिस नें ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी गई ट्राली के साथ चोरी मे प्रयुक्त ट्रैक्टर का हेड जप्त किया है। पुलिस के अनुसार थाना भुइमाड़ में फरियादी मोहन सिंह पिता स्व. संरजू शरण सिंह निवासी मझौली टोला थाना भुइमाड़ जिला सीधी थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी ट्रेक्टर की ट्राली जो हमारे घर के बगल मे बजरंग बली मंदिर के पास खड़ी रहती थी। आज सुबह देखा तो नही था जिसको दिनांक 16 मई 2025 एवं 17 मई 2025 के दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है। जिसका पता तलास आस पडोस मे किया तो कही पता नहीं चला। मेरी पुरानी इस्तेमाली ट्राली की कीमत 50 हजार रुपये है। फरियादी के रिपोर्ट पर चोरी का मामला कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा थाना प्रभारी उनि डीडी सिंह एवं भुइमाड़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर चोर के बारे पता तलाश की गई जो दौरान विवेचना संदेही पंजाब सिंह पिता हीरालाल सिंह ग्राम कसइयां थाना सरई जिला सिंगरौली को हिरासत मे लेकर पूछ-ताछ की गई तो उसनें चोरी करना स्वीकार किया एवं बताया कि मै अपना ट्रैक्टर का इंजन लेकर जा रहा था था। रास्ते मे मुझे ट्राली खड़ी दिखी जिसको मैं अपने ट्रैक्टर मे फसाकर ले गया था और भदौरा के मुरारी जायसवाल के यहां बेच दिया था। उसके पश्चात भुइमाड़ पुलिस नें चोरी की गई ट्रैक्टर की ट्राली कीमती 50 हजार तथा चोरी मे प्रयुक्त ट्रैक्टर हेड कीमती 5 लाख 50 हजार रूपए को जप्त किया एवं आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई जारी है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक डीडी सिंह, सउनि गोपाल सिंह, प्रआर शिवशंकर सिंह, राजीव यादव, आरक्षक दयाराम प्रजापति, विक्की सिंह, संजीव अग्निहोत्री, पंकज सिंह, भगवानदास, अमर बहादुर का योगदान रहा है।

## आकाशीय बिजली गिरी: महिला की मौत, पांच हताहत



**जागरण, सीधी।** जिले के बहरी थाना अंतर्गत सरेह गांव में आज दोपहर आंधी-पानी के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन लोग उसकी चपेट में आ गये। घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को देने पर सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परीक्षण के पश्चात डॉक्टर द्वारा एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पांच हताहतों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। घटना के संबंध में हीरालाल कोरी पिता मनबहोर कोरी उम्र 40 वर्ष निवासी सरेह ने बताया कि आज तिलक का कार्यक्रम था। जिसके चलते काफी संख्या में नात-रिश्तेदार दोपहर में इक्ट्ठा थे। भोजन के बाद जब वह बाहर निकला तो छविलाल मौर्या के घर की तरफकाफी हल्ला-गुहार मचा हुआ था। पास जाने पर मालूम पड़ा कि घर के सामने आकाशीय बिजली के गिरने से 6 लोग उसकी चपेट में आ गये। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से सभी को जिला अस्पताल सीधी लाया गया। अस्पताल में सीमिया मौर्या पति छविलाल मौर्या उम्र 50 वर्ष निवासी सरेह को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अन्य हताहतों में सीमा मौर्या पति सुनील मौर्या 30 वर्ष, अर्जुन मौर्या पिता बुद्धसेन मौर्या 17 वर्ष, अनुज मौर्या पिता बुद्धसेन मौर्या 20 वर्ष, आशीष मौर्या पिता सुनील मौर्या 10 वर्ष, रूबी मौर्या पिता हीरालाल मौर्या 5 वर्ष सभी निवासी सरेह शामिल हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से बालक झुलसा

**जागरण, सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन थानांतर्गत अगडाल में आज दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे आम बिन रहा एक बालक झुलस गया। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अगडाल निवासी सतानंद विश्वकर्मा का 14 वर्षीय बालक ओमप्रकाश विश्वकर्मा बगीचे में आम बिन रहा था। अचानक बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से ओमप्रकाश झुलस गया।

## किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर

**जागरण, सीधी।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है।



# जनहितैषी योजनाओं और कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं : कलेक्टर

## जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त एवं नदियों की सफाई करने के निर्देश

## कलेक्टर ने लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध दिए कार्यवाही के निर्देश

जागरण, छतरपुर




कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टी.एल. प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह और एसडीएम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, सीएम हेल्पलाइन, उपार्जन भुगतान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल गंगा अभियान की समीक्षा में नौगांव, चंदला, घुवारा, गढ़ीमलहरा के सीएमओ को खराब प्रदर्शन पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही घुवारा सीएमओ की वेतन वृद्धि रोकने तथा गढ़ीमलहरा सीएमओ की सात दिवस का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निकायों के जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही डब्ल्यूआरडी ईई को नदियों की सफाई और जलप्रवाह सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएम एवं सीएस मॉनिट प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्राथमिकता से समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान गेहूं उपार्जन में किसानों को भुगतान, मसूर व सरसों बिक्री, डब्ल्यूएचआर आधारित खरीदी, पंजीकृत किसानों और स्लॉट बुकिंग की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने भूमि आवंटन एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए नल कनेक्शन प्रगति, पीएचई द्वारा बोर ड्रिलिंग और हैंडपंप स्थापना की स्थिति के संबंध में कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीआईयू विभाग को लंबित कार्यों को त्वरित रूप से पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया और एमपीयूडीसी के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की में कार्य संतोषजनक नही पाए जाने पर एजेंसियों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में प्रगति बढ़ाएं। बैठक में ई-ऑफिस के संबंध में समीक्षा में जो कार्यालय ऑन बोर्ड नही हुए है। उनके कार्यालय प्रमुखों की एक माह की वेतन रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि फाइलों और पत्र को ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रेषित करें।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निरारकण में लापरवाही बरतने पर गौरिहार तहसीलदार की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बीएमओ को हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विशेषकर एक हजार दिवस से अधिक पुराने मामलों को तत्काल निराकृत करते हुए बंद करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लेबर इंस्पेक्टर की खराब कार्यप्रणाली पर वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि अपना टूर प्लान जारी करें। साथ ही खनिज अधिकारी की अनुपस्थिति पर उन्हें अवैतनिक करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के डीईओ, डीपीसी और डाइट प्राचार्य के एल 1 अधिकारियों को कलेक्टर कार्यालय में बुलाकर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। विभागीय अधिकारी समयसीमा में कार्य पूर्ण करें। समग्र ई-केवायसी की समीक्षा में नगर पालिका छतरपुर को खराब प्रदर्शन पर चेतावनी दी गई और सुधार के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन सत्यापन और जियो टैगिंग की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### झोलाछाप डॉक्टरों एवं अवैध क्लीनिकों पर निरंतर कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर श्री जैसवाल ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कार्यवाही निरंतर जारी रखें और झोलाछाप डॉक्टरों एवं अवैध क्लीनिक के विरूद्ध एफआईआर एवं जुर्माना लगाने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा लाइसेंस की वैधता की भी जांच की जाए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कार्यवाहियों का फॉलोअप करें और प्रतिवेदन भेजें। साथ ही एसडीएम को निगरानी करने और सतत समीक्षा के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यों में कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए।

# ट्रैफिक सिग्नल बंद, प्रभावित हो रहा यातायात

**छतरपुर।** शहर के आकाशवाणी तिराहा, फुब्बारा चौक, छत्रसाल चौराहा और पन्ना नाका पर 2015 में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल काफी दिनों से बंद पड़े हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। आकाशवाणी तिराहे का सिग्नल कुछ समय तक चालू था, लेकिन पिछले एक माह से वह भी बंद है। इससे राहगीरों को चौराहों पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यातायात प्रभारी बृहस्पति कुमार साकेत ने बताया कि सिग्नल बंद होने का मुद्दा सड़क सुरक्षा बैठक में कलेक्टर के समक्ष उठाया गया है, और नगर पालिका को सुधार के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने दावा किया कि आकाशवाणी तिराहे के सिग्नल का सुधार कार्य जल्द शुरू होगा। बताया जाता है कि सिग्नल संचालन के लिए एक निजी कंपनी से अनुबंध हुआ था, जिसमें कंपनी सिग्नल पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर उन्हें संचालित करने वाली थी। हालांकि, सिग्नल बंद पड़े हैं, लेकिन विज्ञापन बोर्ड का कार्य निर्बाध जारी है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका और प्रशासन से सिग्नल व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि यातायात सुगम हो और चौराहों पर होने वाली अव्यवस्था से निजात मिले।

# ननि अधिकारी कर्मचारी बैठकों में तैयारी से नहीं आते : बिट्टू



**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का परिषद सम्मेलन बैठक जैसे ही शुरू हुई तत्काल वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष एड.मौसूफ बिट्टू द्वारा सवालों की तीखी झड़ी लगा दी गई और हर मुद्दे पर सत्ता पक्ष को जोरदार तरीके से घेरा जिसमें सर्वप्रथम यह पूछा गया कि क्या आज के समस्त प्रस्तावों पर पूरी तैयारी के साथ नगर निगम कर्मचारी के अधिकारी कर्मचारी गण आये है। जिस पर सारे अधिकारी जवाब देने से बचते नजर आये। श्री बिट्टू द्वारा सोमवार को परिषद की बैठक में यह व्यक्त किया गया कि जब अधिकारी कर्मचारी पूरी तैयारी से ही नहीं आते हैं तो सम्मानित पार्षद जनों और अधिकारी जनों का कीमती समय बर्बाद किए जाने के उद्देश्य मात्र से बैठक आयोजित कर ली जाती है और उसका यही नतीजा निकला की धारा 83.3 नगर पालिका अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि जब बजट सम्मेलन आयोजित किया जाएगा तो उसमें नगर निगम की संपत्तियों को संलग्न करके ही कार्यवाही आगे बढ़ेगी जो कि आज फिर नहीं की गई और परिणाम तक परिषद बैठक की तारीख बढ़ा दी गई।

### कर्मचारियों का चिकित्सा भत्ता 2000 प्रतिमाह किया जाए

बैठक में एक प्रस्ताव यह भी था कि निगम कर्मचारियों का चिकित्सा भत्ता प्रतिमाह 300 से बढ़कर हजार रुपए कर दिया जाए जिस पर श्री बिट्टू द्वारा कहा गया कि निगम कर्मचारी ही सारे कार्य करते हैं और हम लोगों को तो बस मात्र नाम होता है ऐसे जांबाज हमारे कर्मचारियों के लिए चिकित्सा भत्ता कम से कम 1500 से 2000 पर प्रतिमाह किया जाना चाहिए जिस पर चर्चा विचार किया गया परंतु तकनीकी त्रुटि के कारण उक्त प्रस्ताव फिर से प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

## आम सूचना

सर्व साधारण व आमजन को सूचित किया जाता है कि भूमि खसरा क्रमांक 369,370, 377 स्थित ग्राम करहिया नंबर- 1 ज.नं.- 81, प.ह.- करहिया, रा.नि.मं.- रीवा गिर्द, तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. के दक्षिण अंश से करीब 50 वर्षो से रास्ता प्रचलित है और उक्त अंश को नहर विभाग ने अधिग्रहीत भी कर लिया है जिससे होकर अण्डल ग्राउण्ड पाईप डालकर कृषि भूमियों को सिंचाइ की जाती रही है तथा रास्ते से आमजन निरन्तर रूप से आवागवन करते हैं। उक्त अधिग्रहीत अंश के राजस्व अभिलेख में पूर्व भूमिस्वामियों का नाम दर्ज होता रहा, म.प्र. शासन के नाम भूमियों का नामान्तर नहीं हो सका जो प्रोसेस में है। अतः सूचित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति उक्त अधिग्रहीत अंश को क्रय न करें, और यदि क्रय करना चाहता है तो अधिग्रहीत अंश को छोड़कर क्रय करे। अन्यथा किसी प्रकार की क्षति या नुकसानी का जिम्मेदार वह स्वयं होगा।
दिनांक 19.05.2025

भवदीय
आम जनता ग्राम करहिया
तहसील हुजूर नगर
जिला रीवा म.प्र.

द्वारा अधिवक्ता- अजीत कुमार तिवारी
एडवोकेट, चेम्बर नंबर 66 प्रथम तल जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा जिला रीवा म.प्र. मोबा- 6264935692
आरएन- 82505

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

ई-निवदा सूचना

सूचना क्रमांक: EO/Tender/ET-02/2025-26/28 दिनांक :- 19./05/2025

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा विभिन्न नवीनीकरण/निर्माण आदि हेतु नवीन पंजीयन के अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से विभिन्न कार्यो हेतु एम.पी.पी.डब्लू.डी. भवन एवं विद्युत एस.ओ.आर. 01.01.2024 से जारी व सभी संशोधन सहित दर सूची पर एवं सामग्री आइटम रेट पर लोक निर्माण विभाग/एम.ई.एस./सी.पी.डब्लू.डी. मे पंजीकृत निविदाकारो से निविदायें ई-टेडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्ते वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा मे कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेडर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

नोट :- 1. निविदा भरने की अंतिम तिथि 09.06.2025 सायं 5:00 बजे तक ।

नियम एवं शर्ते :- निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

सम्पदा अधिकारी

# 29 से 30 मई को मऊसहानियां में दो दिवसीय विरासत महोत्सव का आयोजन

**छतरपुर।** संस्कृति संचालनालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दो दिवसीय विरासत महोत्सव का आयोजन 29 एवं 30 मई, 2025 को महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान शौर्यपीठ, मऊसहानियाँ (छतरपुर) में किया जाएगा। इस दो दिवसीय गतिविधि के लिए संचालनालय द्वारा विभिन्न कलाकारों का चयन किया गया है जिसमें 29 मई को विधा मांगणियार गायन एवं कालबेलिया में आमंत्रित कलाकार अप्पानाथ कालबेलिया, सुन्दरिया नाटक में राजेश लिटोरिया, दतिया से, भक्ति गायन में संजो बघेल, जबलपुर एवं 30 मई को बुन्देली लोकगायन में उमा सक्सेना भोपाल से, विभोर फ्यूजन बैण्ड में यश गोपाल श्रीवास्तव सागर से एवं सुगम संगीत नचिकेत लेले मुम्बई को आमंत्रित किया गया है। संचालनालय इन आयोजनों के माध्यम से वहाँ की लोक संस्कृति, परम्परा, मान्यताओं, पर्यटन एवं धरोहरों को जोड़ने का प्रयास करता है। जिला तथा स्थानीय प्रशासन और जनमानस की सहभागिता ही इन आयोजनों की सफलता तथा उत्कृष्टता को सुनिश्चित करती है एवं समारोह के लिए स्थानीय सहयोग जिसमें समारोह स्थल का आरक्षण, स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार में सहयोग अपेक्षित है। संचालनालय की ओर विषयांकित गतिविधि के लिए नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. पूजा शुक्ला (8225915282), उप संचालक, संस्कृति संचालनालय को अधिकृत किया गया है।

# सार्वजनिक रास्ते पर चल रहे निर्माण को एसडीएम ने रोका

**छतरपुर।** छतरपुर के बस स्टैण्ड क्षेत्र में मेसर्स जटाशंकर इन्फ्राटैक प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से शरद अग्रवाल और अखिलेश असाटी द्वारा बनाए जा रहे अपोलो क्रॉस रोड मार्केट में चल रहे एक निर्माण कार्य को सिटी कोतवाली पुलिस ने बंद करा दिया,दरअसल सिटी कोतवाली पुलिस ने उक्त निर्माण कार्य को छतरपुर अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय के द्वारा जारी एक स्थगन आदेश के कारण बंद कराना पड़ा। शिकायतकर्ता अजय अग्रवाल एवं भूमिका अग्रवाल ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। अपोलो क्रॉस रोड मार्केट में एक सार्वजनिक रोड पर बनाई जा रही दुकान को लेकर एसडीएम न्यायालय में दर्ज किए गए वाद के चलते इस निर्माण कार्य पर एसडीएम के द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था फरियादी ने अपोलो क्रॉस रोड मार्केट में एक डबल रोड की दुकान खरीदी थी। यह दुकान जटाशंकर इन्फ्राटैक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक शरद अग्रवाल और अखिलेश असाटी ने बेची थी। जब उन्होंने इस दुकान की रजिस्ट्री कराई थी तब इसमें दोनों तरफ मार्ग प्रदर्शित थे और नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय के नक्शे में भी उक्त स्थान पर सार्वजनिक रास्ता ही प्रस्तावित था लेकिन एक महीने पहले शरद अग्रवाल और अखिलेश असाटी की नियत डोल गई और उन्होंने इस सार्वजनिक रास्ते पर ही दुकान बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरु कर दिया। चूंकि सार्वजनिक रास्ते पर बन रही यह दुकान लगभग 2 करोड़ मूल्य में बेची जा रही है इसलिए टीएनसी के नक्शे और उपभोक्ता की शिकायत की परवाह किए बगैर यह निर्माण कार्य जारी रहा। इसी बीच शिकायकर्ता अजय अग्रवाल मम्मू ने इस मामले में एसडीएम न्यायालय पहुंचकर वाद दर्ज करा दिया। एसडीएम न्यायालय में सभी दस्तावेजों को देखते हुए प्रथम दृष्टया इस मामले में स्थगन आदेश जारी कर दिया और शरद अग्रवाल व अखिलेश असाटी को नोटिस जारी कर उनसे दस्तावेज मांगे हैं। फरियादी का कहना है कि यदि सार्वजनिक रास्ते पर चल रहा यह निर्माण कार्य एसडीएम के स्थगन आदेश के बाद भी चलाया जा रहा था, जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली पुलिस से की और पुलिस ने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है एवं निर्माण कार्य करने वाले शरद अग्रवाल तथा अखिलेश असाटी को समझाइश दी है।

## कार्यालय-सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला रीवा(म.प्र.)

Tel./Fax- 07662-226340 Email- csurgeonrewmp@mp.nic.in

क्र./अ0प्रशा0/2025/ रीवा दिनांक ......../06/2025

**द्वितीय-निविदा आमंत्रण सूचना**

कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनुअल मेंटीनेंस हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं शर्तें बेवसाईड https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन ₹500.00 भुगतान कर क्रय कर सकेंगे तथा दिनांक 10.06.2025 तक कार्यालयीन समय पर ऑनलाईन जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.06.2025 को दोपहर 12 बजे सिविल सर्जन कार्यालय कक्ष में खोली जावेंगी। जिसमें निविदाकार या उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

(डॉ0 प्रतिमा मिश्रा)
सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक रीवा म.प्र.
दूरभाष क्र. 07662-226340
मोबाईल नं. 9827436316

G- 13041/25

# शराब तस्करी कर रहे 3 तस्करों को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस को सटई रोड में अवैध शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम अपना ढाबा के पास पहुंची। पीछा कर इनोवा कार को रोका गया। 3 तस्करों को पकड़ा गया, तलाशी लेने पर इनोवा कार में 39 पेटी मात्रा करीब 351 लीटर देशी एवं अंग्रेजी अवैध शराब पाई गई, अवैध शराब स्रोत के संबंध में पूछताछ पर आरोपियों की जानकारी लगी। अवैध मादक पदार्थ, प्रयुक्त वाहन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश रजिस्टर्ड टोयोटा इनोवा कीमत करीब 8 लाख रुपए जप्त कर अवैध मादक पदार्थ तस्करी कर रहे आकाश सिंह चौहान पिता महेंद्र सिंह चौहान निवासी ग्राम हमा जिला छतरपुर,आयुष उर्फ योगेंद्र सिंह तोमर पिता जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम उमरी थाना टिहरका जिला निवाड़ी,प्रहलाद विश्वकर्मा पिता नारायण विश्वकर्मा निवासी ग्राम हमा जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों सहित शराब तस्करी एवं स्त्रोत संबंधित पांच आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अवैध शराब के स्रोत के फरार आरोपियों की तलाश व विवेचना कार्यवाही जारी है।

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 300/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 9.4.2025

### इश्तहार

आवेदक निखिल मिश्रा पिता श्री रमाशंकर मिश्रा उम्र-30 वर्ष निवासी-मकान नं.-705, वार्ड नं.-15, एन एच 07, सिद्धू डेरी समान रीवा आवेदिका साक्षी सिंह पुत्री श्री अरुण कुमार सिंह, उम्र-23 वर्ष निवासी-मकान नं.-10/481 नजदीक पुष्कर गैस गोदाम, श्रीयुत नगर, तहसील-हुजूर, रीवा के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रु. चालान प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**पेशी दिनांक-24.06.2025**

विवाह अधिकारी
आर.एन. 82252 जिला रीवा ( म.प्र. )

## कार्यालय-सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला रीवा(म.प्र.)

Tel./Fax- 07662-226340 Email- csurgeonrewmp@mp.nic.in

क्र./अ0प्रशा0/2025/ रीवा दिनांक ......../05/2025

**द्वितीय-निविदा आमंत्रण सूचना**

कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में इलेक्ट्रिक मेंटीनेंस हेतु द्वितीय-ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं शर्तें बेवसाईड https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन ₹500.00 भुगतान कर क्रय कर सकेंगे तथा दिनांक 11.06.2025 तक कार्यालयीन समय पर ऑनलाईन जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 13.06.2025 को दोपहर 12 बजे सिविल सर्जन कार्यालय कक्ष में खोली जावेंगी। जिसमें निविदाकार या उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

(डॉ0 प्रतिमा मिश्रा)
सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक रीवा म.प्र.
दूरभाष क्र. 07662-226340
मोबाईल नं. 9827436316

G- 12042/25

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

क्रमांक/विकास विभाग/2025/334 रीवा दिनांक 19/05/2025

**Advertisement**

Applications are invited on plan paper with full details for project postion (JRF) in MPCST Bhopal Sponsored Research Project entitled "Variation in the Ability of Various Tree Species to Capture Particulate Matter in Mauganj District".

**Qualification:** M.Sc. Environmental Biology/Botany/ Biotechnology with at least 70% marks. **Tenure :** 1-year, Last date of receiving application is 28-05-2025. Application should be sent to Dr. Anshu Rani Patel, Department of Environmental Biology, A.P.S. University, Rewa (M.P.). www.apsurewa.ac.in

कुलसचिव

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# नौकरी लगवाने के बहाने कम्पनी ने की युवाओं से ठगी

**कटनी।** माधवनगर स्थित कम्पनी द्वारा युवाओं को नौकरी देने के बहाने ठगी का मामला सामने आया है जिसमें युवाओ से 60-60 रुपये लिए गए है ऐसे ही कुछ युवकों ने माधव नगर थाने में शिकायत दी गई है जिसमें प्रार्थी जयप्रकाश रजक पिता शिव कुमार रजक निवासी कटंगी कलां कटनी यह कि एचपीएम कंपनी जिसका सेंटर ईसीसी सेंटर संत निरंकारी भवन के सामने माधव नगर स्थित कंपनी के द्वारा काम देने के बहाने बुलाया गया। कंपनी द्वारा लोगों से 63 हजार रूपये की राशि ली गयी।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र 05 (E.T)/ निर्माण/ न.पा.नि/2025-26 सतना दिनांक 14.05.2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/01 14.05.2025 | 2025_UAD _423457_1 | सी.सी.रोड विभिन्न स्थानों में पौराणिक टोला | 04 | 36,36,580/- | 50,000/- | 5000/- | 05 |
| 2 | 05/02 14.05.2025 | 2025_UAD _423458_1 | नाली /पुलिया एवं रोड मरम्मत विभिन्न स्थानों में | 06 | 20,62,525/- | 41,200/- | 5000/- | 06 |
| 3 | 05/03 14.05.2025 | 2025_UAD _423459_1 | नाली निर्माण शिवकालोनी गली नं. 01 एवं 02 | 32 | 16,28,186/- | 32,600/- | 2000/- | 03 |
| 4 | 05/04 14.05.2025 | 2025_UAD _423461_1 | स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण विभिन्न स्थानों में (03 नग) SOR of PWD 15/09/2022 ( For Schedule Item) | - | 13,20,693/- | 26500/- | 2000/- | 03 |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 15.05.2025 समय 17:30 से दिनांक 14.06.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना म.प्र.

## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P., Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com

NIT No.: 2987/GM/MPBDC/CW&DIS/25/NIT-66 Bhopal, Dated : 19.05.2025

### NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works:-

1. Construction of Joint Administrative Building for Collector and Superintendent of Police at Dist. Ujjain M.P. - PAC - Rs. 10,049.88 Lacs
2. Construction of Integrated Aquapark and Research center at Bhadbhada Fisheries Area Bhopal M.P.- PAC - Rs. 3,172.58 Lacs
3 Construction of Maharshi Panini Sanskrit and Vedic University, Rewa, M.P. - PAC - Rs. 2,569.50 Lacs
4. Construction of Composite District Office Building at Pandhurna M.P. (2nd Call) - PAC - Rs. 2472.78 Lacs
5. Construction of Government College Bhimpur Dist Betul M.P. - PAC - Rs. 1,118.40 Lacs
6. Construction of Government College Udaynagar Dist. Dewas M.P. - PAC - Rs. 1,125.01 Lacs
7. Construction of Government College Chargwa Dist. Jabalpur M.P. - PAC - Rs. 856.82 Lacs
8. Construction of Government College Khalwa Dist. Khandwa M.P. - PAC - Rs. 1,124.67 Lacs
9. Construction of Government College Bhagwanpura Dist. Khargone M.P. - PAC - Rs. 1,114.21 Lacs
10. Construction of Government College Rajodha Dist. Morena M.P. PAC - Rs. 1,131.96 Lacs
11. Construction of Government Sanskrit College, Devendranagar Dist. Panna M.P.- PAC - Rs. 1,129.79 Lacs
12. Construction of Government College Khora Dist. Panna M.P. - PAC - Rs. 1,129.79 Lacs
13. Construction of Government College Kurai Dist. Seoni M.P. - PAC - Rs. 1,118.58 Lacs
14. Construction of Government College Dinara Dist. Shivpuri M.P. - PAC - Rs. 1,138.12 Lacs
15. Construction of Government College Mada Dist. Singrauli M.P. - PAC - Rs. 1,129.76 Lacs
16. Construction of Government College Khirkiya Dist. Harda M.P. - PAC - Rs. 1,118.46 Lacs
17. Construction of Government College Jhiranya Dist. Khargone - PAC - Rs. 1,119.31 Lacs
18. Construction of Government College Banmor Dist. Morena M.P. - PAC - Rs. 1,138.12 Lacs
19. Construction of Government College Sultanpur Dist. Raisen M.P. - PAC - Rs. 1,132.98 Lacs
20. Construction of Government Law College Seoni M.P. - PAC - Rs. 1,438.89 Lacs
21. Construction of Government College Bidval Dist. Dhar M.P.- PAC - Rs. 1,115.96 Lacs
22. Construction of Government College Ghuwara Dist. Chhatarpur - PAC - Rs. 1,129.79 Lacs
23. Construction of Government College Kayatha Dist. Ujjain M.P. - PAC - Rs. 1,127.62 Lacs
24. Construction of Multi-Purpose Hall at Govt. Rajnarayan Smriti College Waidhan, Singrauli M.P. - PAC - Rs. 239.85 Lacs
25. Construction of Multi purpose Sports Complex with multi gym and yoga meditation center, Computer lab and upgradation/renovation of ground leveling, Auditorium at Govt. Nehru Degree College Ashoknagar M.P. - PAC - Rs. 276.54 Lacs
26. Construction of Geography lab, Girls common room, classroom, WC complex for boys & Girls, Renovation of Existing Toilets, B.Ed. building, Ramps Footpath & toilets for disabled students at Pt. Deendayal Upadhyay Govt. Arts and Commerce College Sagar M.P.- PAC - Rs. 119.91 Lacs
27. IEHE Bhopal Construction of Boundary wall at (IEHE) Institute for Excellence in Higher Education - PAC- Rs. 173.91 Lacs
28. Upgradation of New Classrooms in Existing Building and Renovation of Girls Hostel at Jawaharlal Nehru Smriti Govt. P.G. College Shujalpur, Dist. Shajapur, M.P. (2nd Call) - PAC - Rs. 216.26 Lacs
29. Construction, renovation and allied works at Govt. Degree College Timarni, Dist. Harda M.P. (2nd Call)- PAC - Rs. 247.55 Lacs
30. Demolition of Existing Police station and Police Quarters at Dist. Ujjain M.P.- PAC - Rs. 7.77 Lacs
31. Providing, Supplying and Fixing of Furniture For C.M. Rise Schools of School Education Department (SED) in M.P. (2nd Call) - PAC - Rs. 4226.00 Lacs

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online from 23.05.2025 at 18:00 hrs. to 14.06.2025 at 15:30 hrs (for S.No. 01), 23.05.2025 at 18:00 hrs. to 20.06.2025 at 15:30 hrs. (for S.No. 02 only), 23.05.2025 at 18:00 hrs. to 14.06.2025 at 15:30 hrs (for S.No. 03 to 26 only), 21.05.2025 at 18:00 hrs. to 06.06.2025 at 15:30 hrs (for S.No. 27 to 30 only), 20.05.2025 at 18:00 hrs. to 10.06.2025 at 15:30 hrs (for S.No. 31 only) from website **www.mptenders.gov.in** PAC can very at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/120167/2025 **MANAGING DIRECTOR**

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन, थाना प्रभारी को हटाने की मांग

**जागरण डिंडोरी।** सरसडोली गांव में आदिवासी युवक सनी मरावी के साथ हुई मारपीट और पुलिस द्वारा निर्दोष युवकों को आरोपी बनाए जाने के विरोध में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सोमवार को मेंहदवानी में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी ने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को तत्काल हटाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने दुर्गा मंदिर से बाजार चौक तक रैली निकालकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सनी मरावी के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए और जिन चार निर्दोष आदिवासी युवकों को झूठा फंसाया गया है, उन्हें तुरंत मामले से हटाया जाए। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम, राष्ट्रीय महासचिव अमान सिंह पोर्ते, राजाबली मरावी, हरि मरावी, जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मरावी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही न्यायसंगत कार्यवाही नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में जिला स्तर पर बड़े विरोध प्रदर्शन और धरना आंदोलन किए जाएंगे। पार्टी नेतृत्व ने प्रशासन को समय रहते उचित कदम उठाने की चेतावनी दी है, ताकि आदिवासी समाज के साथ अन्याय न हो और दोषियों को सजा मिल सके।

### रेत ठेकेदार को नोटिस, अवैध उत्खनन पर होगी एफआईआर

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने बैठक में दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

### कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई समय-सीमा की बैठक

जागरण, डिंडोरी



कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्टर सभागार में समय-सीमा की बैठक ली। उक्त बैठक में जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीएफओ श्री पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा श्री एश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने ग्रामीण विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों (एई एवं एपीओ) को निर्देश दिए कि अभियान से जुड़ी गतिविधियों को तीन दिन के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्य प्राथमिकता में रखें जाएं और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के अंतर्गत आने वाले नजूल अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित राजस्व वसूली को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। अन्यथा की स्थिति में वेतन आहरण में रोक लगाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने डिडौंरी के तहसीलदार को निर्देश दिए कि ऐसे सभी अवैध निर्माणों की पहचान कर अवैध पट्टों को निरस्त किये जाएं। साथ ही पट्टे की आड़ में किये गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में हो रहे अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर, सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अवैध खनन एवं परिवहन को तुरंत रोका जाए। अवैध खनन की शिकायतें मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य और खाद्य विभाग को निर्देश दिए गए कि जिले में बिकने वाली खाद्य सामग्री की नियमित जांच करें। इस हेतु संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्यवाही करें। उन्होंने खनिज अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर नोटिस तामिल कराते हुए रेत ठेकेदार के.पी. भदौरिया, ग्वालियर से बकाया वसूली राशि जमा कराने के निर्देश दिए। खासतौर पर मेवा मिष्ठानों, होटलों और रेस्टोरेंट्स में सफाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भोजन की शुद्धता में कोई समझौता न हो। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि जिले में लगे हाईटेंशन तारों की उचित निगरानी की जाए ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्य करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जब भी पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाए, तो वह सड़क के बीच में इस तरह से न हो कि यातायात बाधित हो। अवगमन में कोई दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अन्यथा संबंधित विभाग एवं ऐंजेसी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने ग्राम पाकरबघर्रा निवासी संतरा बाई पति नरबद के विरुद्ध एफआईआर करने के निर्देश दिए। बताया गया कि संतरा बाई के द्वारा तालाब की अनुमति लेकर अवैध उत्खनन एवं परिवहन का कार्य किया जा रहा है। इसीलिए कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने संतरा बाई के विरुद्ध एफआईआर कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग को यह निर्देश दिए कि अवैध रूप से किये गए भण्डारण के विरूद्ध निरस्तरीकरण की कार्यवाही की जाए। वनमण्डलाधिकारी ने जिले की समस्त वनग्रामों के अंतर्गत आने वाले नदी, नाला, मैदान, वन, पहाड़, मंदिर, बस्ती आदि को प्रदर्शित करते में नवीन नक्शा तैयार किये जाने हेतु पटवारी-बीटगार्ड और तहसीलदार को निर्देश दिए, ताकि राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जा सके

## विभागीय समन्वय से तैयार कराएं बिजनेस प्लान : सीईओ जिला पंचायत




### एपीसी की बैठक में दिए निर्देश

**जागरण, मंडला।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट की अध्यक्षता में कृषि और कृषि से जुड़े हुए अन्य विभागों की एपीसी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, आत्मा परियोजना तथा कृषि विभाग के जिला अधिकारियों ने विभागवार प्रस्तुतिकरण किए। सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एलाईड डिपार्टमेंट विभागीय समन्वय से बिजनेस प्लान तैयार कराएं, जिससे जिले के कृषकों को बेहतर अवसर मिल सके। बैठक में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, खरीफ सीजन का फसल ऋण वितरण, ऋण वसूली, खाद्य प्रसंस्करण, मार्केटिंग, पीएम एफएमई योजना, मुनगा पौधारोपण की तैयारी, यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी की उपलब्धता एवं भंडारण, मृदा परीक्षण, कस्टम हायरिंग, नरवाई प्रबंधन, हेप्पीसीडर, सुपरसीडर की उपलब्धता, डेयरी केसीसी, बकरी पालन, कामधेनू योजना, कुक्कुट पालन, फिश पार्लर आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। उपसंचालक पशुपालन को निर्देशित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि कुक्कुट पालन के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर बिछिया विकासखंड के मोचा से लगे हुए ग्रामों में कार्ययोजना तैयार करें। आजीविका मिशन द्वारा उस क्षेत्र में कुक्कुट पालन के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। पशुपालन विभाग मिशन के साथ बेहतर समन्वय करते हुए बेकयार्ड पोल्ट्री के लिए अच्छा प्लान तैयार कर सकते हैं। बैठक में उपसंचालक कृषि मधु अली, उपसंचालक पशुपालन उग्रसेन तिवारी, संचालक आत्मा परियोजना आरडी जाटव, सहायक संचालक उद्यान विभाग श्री मरावी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## डिण्डौरी पुलिस ने 66 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर लौटाए, कुल कीमत करीब 8.17 लाख रुपये



**जागरण, डिंडोरी।** जिले की पुलिस ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए 66 गुमशुदा मोबाइल फोन खोजकर उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 8 लाख 17 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह के निर्देश पर जिले की साइबर सेल और विभिन्न थाना पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। मोबाइल की खोज में तकनीकी सहायता और भारत सरकार के ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल का उपयोग करते हुए कामयाबी हासिल की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक समारोह आयोजित कर मोबाइल धारकों को उनके फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन पाकर आवेदकों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। इस अवसर पर मोबाइल वापस पाने वाले लोगों में निकेश नेताम, मोरध्वज गवले, राजू सिंह तेकाम, सत्येन्द्र मरावी, यंचल सोनवानी, सुखसेन बंजारा, हेमंत साण्डया, महासिंह वरकडे, संतोष वांधवे, निवेदिता मरावी, त्रिलोक मरावी सहित कुल 66 लोगों के नाम शामिल हैं। मोबाइल बरामदगी में साइबर सेल प्रभारी प्रआर मुकेश प्रधान सहित आरक्षक जगदीश, श्याम तिवारी, राम सिंह, सुनील पट्टा, गोविंद चौरे, आदित्य शुक्ला, सतेंद्र उइके, कपिल, रामनंदन सनोडिया की अहम भूमिका रही।

## 23 ग्राम पंचायतों को मिलाकर डिंडौरी नप को नगर पालिका बनाने की कवायद शुरू




**जागरण, डिंडौरी।** डिंडौरी नगर परिषद को नगर पालिका परिषद का दर्जा दिलाने की प्रक्रिया ने अब जोर पकड़ लिया है। विगत दिनों जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी ने नगर परिषद को नगर पालिका बनाने का ऐलान किया था, जैसे ही यह खबर सामने आई कि नगर परिषद की सीमा से लगे और आसपास की 23 ग्राम पंचायतों नगर पालिका में शामिल करने का नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, वैसे ही इन ग्राम क्षेत्रों में चर्चा का दौर तेज हो गया है।ग्रामवासियों के बीच यह विषय मुख्य चर्चा का केंद्र बन गया है कि नगर पालिका में शामिल होने से गांवों को क्या लाभ होगा और संभावित चुनौतियां मिलेंगी। कुछ लोग उम्मीद जता रहे हैं कि इससे उनके क्षेत्र में सड़क, जल, स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास तेजी से होगा। वहीं, कुछ लोगों को आशंका है कि इससे कर प्रणाली में बदलाव, संपत्ति कर और अन्य नियमों का सामना करना पड़ सकता है और ग्रामीण विकास की जमीनी योजनाएं बंद होने से मजदूर और किसान वर्ग प्रभावित होंगे। प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। जनपद पंचायत डिंडौरी के बैठक कक्ष में हुई महत्वपूर्ण बैठक में राजस्व, पंचायत और नगर परिषद के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रस्तावित सीमाओं, क्षेत्रफल, जनसंख्या और संस्थागत ढांचे को अंतिम रूप देने पर मंथन किया। इस विषय पर आने वाले दिनों में जनसुनवाई और पंचायत स्तर पर चर्चाएं आयोजित की जा सकती हैं, ताकि ग्रामीणों की राय और सुझावों को भी प्रस्ताव में सम्मिलित किया जा सके। डिंडौरी नप को नगर पालिका का दर्जा मिलने से यह क्षेत्र शहरी विकास की दिशा में नई रफ्तार पकड़ सकता है। अब सबकी नजरें कलेक्टर द्वारा शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर टिकी हैं, जो इस प्रक्रिया की दिशा और दशा तय करेगा।

## 14 साल की किशोरी की हत्या के बाद संदेही ने लगाई फांसी



### एक साथ दो मौतों से गांव में खिंचा सनाका

### मनगवां थाना क्षेत्र के बेला गांव में सामने आई सनसनीखेज वारदात

**जागरण, रीवा।** एक किशोरी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद संदेही का शव आम के पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता मिला। पूरा मामला मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेला गांव में रविवार की सुबह प्रकाश में आया। घटना सामने आने के बाद गांव मे सनाका खिंच गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा नवमीं की छात्रा की हत्या के बाद संदेही का शव घटना स्थल से कुछ ही दूर पर आम के पेड़ में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए गंगेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मृतका संध्या वर्मा उम्र 14 वर्ष पिता चंदन वर्मा कक्षा नवमीं की छात्रा थी। बताया गया है कि रविवार की सुबह तकरीबन 7.30 बजे वह घर में अपनी दो बहनों के साथ थी, इसी दौरान गांव का ही छोटेलाल कोल उसके घर पहुंचा जहां किशोरी का पहले उसने गला दबाया उसके बाद सर पर लोहे के खलबट्टे से हमला कर दिया, जिससे नाबालिग लड़की की मौत हो गई । इस बीच मृतका की बहन सहित उनके बाबा ने बचाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी नहीं माना। घटना के कुछ ही देर बाद छोटेलाल का शव भी फांसी के फंदे से आम के पेड़ में लटकता हुआ पाया गया। फिलहाल घटना के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। दो मौतों के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव सहित इलाके में सनाका खिंच गया है। वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

### किशोरी संभालती थी दुकान

मनगवां पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग लड़की अपने घर में किराना की दुकान संभालती थी, रविवार को आरोपी, किशोरी के घर में संचालित दुकान में पहुंचा, इसी बीच किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया और मृतक युवक किशोरी के साथ मारपीट करने लगा। इस बीच किशोरी की गला दबाकर हत्या कर दी। जिस समय किशोरी की हत्या की गई, उस समय घर में संचालित किराने की दुकान में मृतक की दो छोटी-छोटी बहनें भी थीं लेकिन वह कुछ भी नहीं कर पाईं। हल्ला गुहार के बाद मृतका संध्या के बाबा रामलाल वर्मा मौके में पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी घटना का अंजाम देकर भाग निकला था। फिलहाल पुलिस द्वारा परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। वही इस घटना को विस्तार से जानने के लिए पुलिस तहकीकात कर रही है, घटना के बाद गांव में हड़कम्प मच गया।

## हमारे आतंकवादी वाले बयान पर बैकफुट पर सांसद कुलस्ते, बोले- मैं सेना का सम्मान करता हूं

### मंडला में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, हमारे आतंकवादी वाले बयान पर दी सफाई



**जागरण, मंडला।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 18 मई को मंडला में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने डिंडौरी में दिए अपने बयान पर सफाई दी। फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा, मैं देश की सेना का सम्मान करता हूं। मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया गया है। मैं आज भी देशवासियों के सामने कहना चाहता हूं कि मुझे सेना पर गर्व है। मैंने सेना के सम्मान के लिए कहा था। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादियों को मुंह तोड़ जबाव दिया है। दरअसल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 16 मई को डिंडोरी के अमरपुर ब्लॉक में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल थे। यहां मीडिया से बात करते हुए उनकी जुबान फिसल गई थी और उन्होंने कहा दिया था कि हमारे आतंकवादी जिसके बाद उनका पूरे देश और प्रदेश में विरोध शुरू हो गया था। यह वाक्या उस समय हुआ जब फग्गन सिंह कुलस्ते ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत की सेना ने पाकिस्तान के हमारे आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। जिसके बाद सांसद के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

## जन्मजात मोतियाबिंद की सर्जरी हेतु 11 बच्चे चिन्हित

### सभी चिन्हित बच्चों को वार्ड नंबर 52 में एडमिट कर लिया गया



**जागरण, मंडला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरोते ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंडला में जन्मजात मोतियाबिंद की सर्जरी हेतु 19 मई को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 11 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। सभी चिन्हित बच्चों को वार्ड नंबर 52 में एडमिट कर लिया गया है, जिनका ऑपरेशन डॉक्टर तरुण अहिरवार नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. विजय सिंह धुर्वे सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय मंडला, डॉक्टर तरुण अहिरवार नेत्र रोग विशेषज्ञ, अजय सैयाम उप प्रबंधक, अर्जुन सिंह आरबीएसके प्रबंधक, संजय भोयर, आरबीएसके डॉक्टर एवं आरबीएसके एएनएम के साथ आई ओपीडी/ओटी के स्टॉफ उपस्थित रहे।

## शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें : कलेक्टर




**जागरण, मंडला।** जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें। जिले की रैंकिंग जारी होने में केवल एक दिन का समय शेष है इसलिए आज सभी विभाग प्रमुख अधिक से अधिक संख्या में शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड के विषय में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि डैशबोर्ड के सभी बिन्दुओं को ध्यान से पढ़ते हुए संबंधित विषयों के लम्बित प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करें, जिससे विभागीय स्कोर बढ़ाते हुए सीएम डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग बेहतर बनाई जा सके। उन्होंने श्रम विभाग, पीएचई, ई-गवर्नेंस, पशुपालन विभाग को सीएम डैशबोर्ड के विषय में विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खेत तालाब एवं डगवेल का काम शतप्रतिशत किया जाना था, उन्होंने कम प्रगति के लिए बीजाडांडी, घुघरी, मवई, नारायणगंज तथा निवास जनपद पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। रबी उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि परिवहन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, स्वीकृति तथा भुगतान समय पर सुनिश्चित कराएं। समाधान ऑनलाईन के विषय में कलेक्टर ने कहा कि एट्रीब्यूट्स के बिन्दुओं के आधार पर प्रत्येक प्रकरण का फॉलोअप करें। इसी प्रकार उच्च न्यायालय के अवमानना तथा रिट पिटीशन के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दें।

**विद्युत दुर्घटना में मृतक कर्मचारी के परिवार को दें मुआवजा :** कलेक्टर ने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मंडला डिविजन कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि पिछले दिनों नैनपुर विकासखंड में विद्युत लाईन में हुई दुर्घटना के दौरान मृत कर्मचारी के परिवार को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय मुआवजा राशि तथा कंपनी की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि के चैक जिला अथवा अनुविभागीय मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के हस्ते दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि इसकी समस्त प्रक्रिया अगले 4 दिवस में पूर्ण कराएं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## जवान की वापसी, भारत की कूटनीतिक कामयाबी

> पाकिस्तानी सीमा में गलती से जा पहुंचे भारत के सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के एक जवान को पाकिस्तान ने लौटा दिया है और स्वाभाविक ही इसे भारत की एक और कूटनीतिक कामयाबी माना जा रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी गलती से जवानों के सीमा पार कर जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अगर युद्ध या तनाव की स्थिति न हो तो रिहाई में ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। गौरतलब है कि भारत के बीएसएफ के जवान पूर्णम साव तेईस अप्रैल को गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गए थे और वहां उन्हें पकड़ लिया गया था। सीमा पार किन्हीं हालात में अगर अन्य देश के जवान को पकड़ लिया जाता है तो उसके जीवन तक को लेकर आशंकाएं पैदा हो जाती हैं। यही वजह है कि पूर्णम साव की वापसी को लेकर उनके परिवार सहित देश के लोगों की चिंताएं गहरा रही थीं। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच किस स्तर का टकराव हुआ, यह दुनिया ने देखा। लेकिन अब बुधवार को जब पूर्णम साव की पाकिस्तान से रिहाई की खबर आई, तो निश्चित तौर पर यह उनके परिवार वालों के साथ-साथ समूचे देश के लोगों के लिए राहत की बात थी। दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर पर हुई बातचीत के नतीजे में बीस दिनों के बाद पूर्णम शा को छोड़ा गया। दरअसल, जिन परिस्थितियों में जवान पूर्णम साव गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गए थे, वे इतनी ज्यादा संवेदनशील थीं कि उस दौरान दोनों देशों के बीच संघर्ष की नौबत आई। पहलगाम में आतंकी हमले में छब्बीस लोगों के मारे जाने के बाद भारत के पास एक तरह से जवाबी कार्रवाई करना अंतिम विकल्प था। इस टकराव की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसे दोनों देशों के बीच पूर्ण संघर्ष के तौर पर भी देखा गया। ऐसे में अगर बीएसएफ जवान की सुरक्षा और जान को लेकर भारत में चिंता गहरा रही थी, तो यह लाजिमी था। यों भी पाकिस्तान के अतीत और उसकी प्रकृति अक्सर उसके विवेक आधारित फैसले नहीं लेने के ही सूचक रहे हैं। हालांकि इस बीच उम्मीद जरूर की जा रही थी कि तमाम विपरीत हालात के बावजूद भारत के लगातार कूटनीतिक प्रयासों से जवान की वापसी सुनिश्चित हो सकेगी। मगर जब दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा हुई तब यह उम्मीद और मजबूत हुई कि अब शायद माहौल शांत होने के बाद इस मसले पर कूटनीतिक बातचीत आगे बढ़ेगी। पाकिस्तान पहले ही अवांछित गतिविधियों के अंजाम देने से लेकर आतंकवादियों को शह और समर्थन देकर भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में वहां पकड़ लिए गए बीएसएफ जवान के प्रति उसके व्यवहार या रिहाई को लेकर आशंका बनी हुई थी, क्योंकि इसके लिए शुरू होने वाली प्रक्रिया काफी संवेदनशील और जटिल होती है। अंतरराष्ट्रीय कानून और सैन्य संधियों के तहत अगर कोई जवान गलती से सीमा पार कर जाता है तो उसके खिलाफ ज्यादा गंभीर कार्रवाई नहीं की जाती। हालांकि यह दोनों देशों के बीच संवाद और समझौते पर निर्भर करता है। इस लिहाज से देखें तो बीते कुछ दिनों के दौरान तेजी से बदलते घटनाक्रम में जवान की रिहाई के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए थे और आखिर इसमें कामयाबी मिली।

## दहशतगर्दों के ठिकानों को नुकसान, लेकिन नेतृत्व अभी कायम

आतंक के विरुद्ध

समीर चौहान



> हमने आतंकवादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है, लेकिन आतंकी नेतृत्व को उखाड़ फेंकना अभी बाकी है। नहीं भूलना चाहिए कि मसूद अजहर, जिसके परिवार के दस लोग भारतीय हमले में मारे गए हैं, ने अपने परिजनों की मौत का बदला लेने की कसम खाई है। लश्कर-ए-ताइबा का नेतृत्व भी इससे अलग नहीं है। भले ही पाकिस्तान अल्पकालिक घुसपैठ के प्रयास को टाल सकता है। लेकिन ऐसा आतंकियों के बारे में नहीं कहा जा सकता, जो शायद कुछ और ही सोच रहे हों।

सात से 14 मई का सप्ताह काफी हलचल भरा रहा, जिसके कारण केवल ऑपरेशन सिंदूर पर विराम लगने के अलावा कई सवाल अनुत्तरित रह गए। भारत द्वारा पाकिस्तानी दुस्साहस का उचित तरीके से जवाब दिया गया, लेकिन भारत ने इसका ख्याल रखा कि निर्दोष पाकिस्तानी नागरिकों को कोई बड़ी क्षति न पहुंचे या उनकी जान न जाए। भारतीय बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लगातार संयम बरता। दस मई को संघर्ष विराम समझौते के बाद ऑपरेशन सिंदूर पर विराम लगा दिया गया, लेकिन पाकिस्तान ने फिर भी समझौते का उल्लंघन किया, जिसे करारा जवाब दिया गया। उसके बाद से दोनों तरफ से संघर्ष विराम का पालन किया जा रहा है। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करते हुए कहा है कि यदि सीमा पार से शत्रुतापूर्ण कार्रवाई होती है, तो अभियान फिर से शुरू किया जाएगा। अचानक संघर्ष विराम की घोषणा ने कुछ लोगों को परेशान कर दिया है। विभिन्न भारतीय और वैश्विक रक्षा विशेषज्ञ अलग-अलग अटकलें लगा रहे हैं, जिनमें एक कारण पाकिस्तान में नाभकीय विकिरण को बताया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहकर इस विवाद को तूल दिया कि अमेरिकी अधिकारियों ने संघर्ष विराम की पहल करके दोनों ओर के लाखों लोगों की जान बचाई है। हालांकि, भारत ने इन दावों का खंडन किया है। आईएईए रिपोर्ट इसकी पुष्टि करती है कि पाकिस्तान के भीतर परमाणु विकिरण का कोई रिसाव नहीं हुआ है। पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का वर्दी में आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल होना और उन्हें राजकीय सम्मान देना, पाकिस्तान की असलियत को बयां करता है। वरिष्ठ पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी सैन्य वर्दी में आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और मारे गए आतंकवादियों को पूर्ण राजकीय सम्मान दिया गया। पिछले कई दशकों से पाकिस्तान दावा करता रहा है कि ये आतंकवादी गैर-सरकारी तत्व या घरेलू जिहादी हैं, लेकिन पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का वर्दी में उनके अंतिम संस्कार में शामिल होना और उन्हें राजकीय सम्मान देना, उस दावे को कमजोर करता है। मेरी राय में इसके दो संभावित कारण हैं।

पहला कारण यह हो सकता है कि जब बहावलपुर और मुरीदके में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सटीक हमला कर उन्हें ध्वस्त किया जा रहा था, तब आतंकी बुनियादी ढांचे की रक्षा या बचाव के लिए पाकिस्तानी सेना की ओर से कोई प्रतिक्रिया न होने से पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान में आतंकियों का विश्वास डगमगा गया। इसलिए आतंकी नेतृत्व द्वारा पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व के खिलाफ दुष्टतापूर्ण रुख अपनाने की धमकी ने उन्हें एकजुटता साबित करने के लिए मजबूर किया।

दूसरा कारण यह हो सकता है कि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान को विश्व समुदाय द्वारा कोई प्रतिरोध नहीं होने का भरोसा है। दूसरा कारण निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज तक किसी ने भी पाकिस्तान से सवाल नहीं किया है। आश्चर्य की बात यह है कि विश्व के किसी भी मंच से, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र हो या अमेरिका/ब्रिटेन/ऑस्ट्रेलिया या कोई अन्य देश, पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के प्रति इस दोस्ताना रवैये पर कोई निंदात्मक बयान नहीं आया है। इसके विपरीत, तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान को समर्थन प्रदान करना जारी रखा। यही नहीं, आईएमएफ ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज दिया।

अब भारत को क्या करना चाहिए?

हमने आतंकवादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है, पर आतंकी नेतृत्व को अभी उखाड़ फेंकना बाकी है। नहीं भूलना चाहिए कि मसूद अजहर, जिसके परिवार के दस लोग भारतीय हमले में मारे गए हैं, ने अपने परिजनों की मौत का बदला लेने की कसम खाई है। लश्कर-ए-ताइबा का नेतृत्व भी इससे अलग नहीं है। इसलिए, निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

हमारी सैन्य सुरक्षा में कोई कमी नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, बंद नहीं किया गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर वायु रक्षा ग्रिड और घुसपैठ रोधी ग्रिड को सक्रिय और जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। भले ही पाकिस्तान अल्पकालिक घुसपैठ के प्रयास को टाल सकता है। लेकिन ऐसा आतंकियों के बारे में नहीं कहा जा सकता, जो शायद कुछ और ही सोच रहे हों। हमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए यदि वे अपने आकाओं की अवहेलना करें और स्वयं घुसपैठ का प्रयास करें। इसके अलावा, पाकिस्तान भारत में अपने स्लीपर सेल को सक्रिय कर सकता है। भारत की समुद्री तटरेखा के साथ-साथ नेपाल और बांग्लादेश सीमाओं का बेहतर प्रबंधन विशेष जरूरी है, ताकि आतंकियों के भारत में पहुंचने के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके।

ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित नागरिक सुरक्षा उपायों को जो गति मिली है, उसे जारी रखना चाहिए। जिला और राज्य स्तर पर नियमित रूप से समय-समय पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास और कार्रवाइयां पूरी तत्परता से की जानी चाहिए। सिंधु जल संधि को उचित ही निलंबित रखा गया है, ताकि पाकिस्तान के लोग समझें कि ऐसा उनके मुल्क के आतंकवादी प्रकृति के कारण हुआ है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब करने की जरूरत है, जिसमें आतंकवादी समूह द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) की आतंकवादी गतिविधियों के बारे में यूएनएससी 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को शामिल करना और उन्हें वैश्विक आतंकवादी समूहों की सूची में शामिल करने की मांग करना शामिल है।

अन्य देशों के अलावा, तुर्किये और अजरबैजान जैसे दुश्मन के मित्र देशों को यह एहसास कराया जाना चाहिए कि पाकिस्तान के युद्ध-प्रयासों का समर्थन करने पर भारत के साथ उनके प्रत्यक्ष व्यापार और कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय जनता ने पहले ही इन देशों के गंतव्यों और वस्तुओं का बहिष्कार शुरू कर दिया है और इसके संकेत जमीन पर दिखाई देने लगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर खैबर पख्तुनख्वा, बलूचिस्तान, सिंध या गिलगित-बाल्टिस्तान में पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों को उजागर करने का अवसर दिया है। वहां के लोगों का नैतिक रूप से समर्थन करना चाहिए।

पाकिस्तान द्वारा निर्यात किए जाने वाले आतंक का खात्मा शुरू हो चुका है। अब गेंद पाकिस्तान के लोगों के पाले में है कि वे अपने राजनीतिक-सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ के नेतृत्व के असली नापाक इरादों को समझें। अगर इस घृणित गठजोड़ ने सीमाओं का उल्लंघन किया, तो पाकिस्तान का विनाश निश्चित है।

(लेखक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हैं।)

## उम्मीद के नुकसान के सन्नाटे में गुम कश्मीरी महिलाओं की खुशी

सामयिक

तृप्ति सिंघल सोमानी



> पहलगाम, जिसे चरवाहों की घाटी के नाम से जाना जाता है, कश्मीर की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यह खामोशी से हिमालय की गोद में बसा है, जहां बर्फीली नदियां, हरे देवदार के जंगल और दूर तक फैले घास के मैदान हैं। दुनिया भर से लोग शांति महसूस करने, टट्टू की सवारी का आनंद लेने, नदी किनारे गर्म कहवा पीने और ताजी पहाड़ी हवा में सांस लेने के यहां लिए आते हैं। इसे धरती पर स्वर्ग कहा जाता है।

इस साल, वसंत का मौसम कश्मीर घाटी के लिए विशेष था। महामारी और राजनीतिक अशांति के कारण वर्षों की खामोशी के बाद, कश्मीर का पर्यटन सीजन आखिरकार उम्मीद के संकेत दे रहा था। स्थानीय बाजार फिर से खुल रहे थे, और होमस्टे को फिर से बुकिंग मिल रही थी। क्षेत्र की अधिकांश महिलाओं के लिए पर्यटन पैसे कमाने, अपने घरों से बाहर निकलने और अपनी पहचान बनाने का एक तरीका बन गया है। वे खाने के स्टॉल चला रही थीं, प्रकृति की सैर करा रही थीं, हाथ से बने कपड़े बेच रही थीं और पर्यटकों को कढ़ाई सिखा रही थीं। धीरे-धीरे और चुपचाप, वे सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता का जीवन जी रही थीं। लेकिन 22 अप्रैल, 2025 को एक ही झटके में सबकुछ बदल गया। उस दिन, हथियारों से लैस पांच आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों के एक समूह पर हमला किया। यह अचानक और क्रूर था। इसमें छब्बीस लोग मारे गए और बीस से ज़्यादा घायल हो गए। यह हाल के वर्षों में भारत का सबसे खतरनाक आतंकी हमला बन गया। इस खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद लोगों के साथ जो हुआ -ख़ासकर कश्मीर की महिलाओं के साथ-वह काफी हद तक अनदेखा रहा। पर्यटकों ने तुरंत अपनी यात्रा योजनाएं रद्द करनी शुरू कर दीं।

लोकल सर्किल्स के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, देश के 62 से अधिक परिवारों ने कश्मीर जाने का प्लान कैंसल कर दिया। होटल और गेस्टहाउस खाली होने लगे। हमले से पहले पहलगाम में गूँज रहीं हंसी, कदमों की आहट और कैमरे क्लिक-क्लिक एकदम से बंद हो गईं। सुनाई देने लगी तो चीख-पुकार, मातम, फौजी जूतों की थाप। और धरती के इस स्वर्ग को खौफ और पहले वाले सन्नाटे ने अपने आगोश में ले लिया। यह सन्नाटा सिर्फ़ व्यापार का नुकसान नहीं है। कई महिलाओं के लिए यह उनकी आय का एकमात्र स्रोत का खोना भी है। यह आत्मविश्वास और उम्मीद का नुकसान है। अरु घाटी के पास एक छोटा सा कहवा स्टॉल चलाने वाली रुबीना की आंखों में आंसू थे, जब उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी कोविड से उबरना शुरू ही किया था। अप्रैल हमारा सबसे व्यस्त महीना माना जाता था। अब सबकुछ वापस शून्य पर आ गया है। अनंतनाग की कारीगर शबनम ने कहा, हमें आखिरकार वे पर्यटक मिल रहे थे जो हर साल हमसे खरीदारी करने आते थे। इस हमले ने सबकुछ खत्म कर दिया, पर्यटक अब डरे हुए हैं और हम फिर से पहले वाली स्थिति में पहुंच गए हैं'। पूर्व के एक अध्ययन से पता चला है कि कश्मीर में पर्यटन ने महिलाओं को पैसे कमाने, नए कौशल सीखने और अधिक स्वतंत्र होने का मौका दिया है। पर्यटन का हिस्सा बनना उनके लिए काम से कहीं बढ़कर है। यह उनकी पहचान है, उनका अस्तित्व है, मगर एक हमले ने इन महिलाओं को जिंदगी की दौड़ में फिर सबसे पीछे लाकर खड़ा कर दिया है। डर-खौफ के नए माहौल के बीच, अब कई महिलाओं को बाहर जाने की अनुमति नहीं है। परिवार स्थानीय बेटियों को बाजार भेजने से भी डरते हैं। महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे होमस्टे खाली हैं। कहवा स्टॉल बंद हैं। कढ़ाई की कार्यशालाएं रुकी हुई हैं। सब कुछ फिर से जम गया है। इस हमले का वास्तविक नुकसान हमारी नज़र से परे है। इसने महिलाओं की प्रगति को छीन लिया है। इसने सार्वजनिक स्थान पर उनकी आवाज़ और उपस्थिति को छीन लिया है। इसने उन्हें फिर से अन्धकार में धकेल दिया है। कश्मीर में अस्थिर परिस्थितियां सीधे तौर पर वहां के लोगों के लिए आर्थिक आघात में बदल जाती हैं. खासकर, महिलाओं के लिए स्थिति और भी ज्यादा बुरी हो जाती है, क्योंकि वैकल्पिक रोज़गार तक उनकी पहुंच पहले से ही सीमित है।

पर्यटन कश्मीर की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह स्थानीय हस्तशिल्प उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार प्रदान करता है। हर साल कश्मीर में पर्यटन उद्योग लगभग 12,000 करोड़ रुपये का कारोबार करता है और यह राज्य की जीडीपी में 7-८ फीसदी का योगदान देता है. हाल ही में, पहलगाम में आतंकी हमले के कारण पर्यटन में गिरावट आई है और इससे हस्तशिल्प उद्योग को नुकसान हो रहा है. सरकार को हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं शुरू करनी चाहिए, जैसे कि हस्तशिल्प को ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर बढ़ावा देना, कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान करना. सरकार को हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े व्यवसायों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए, जैसे कि ऋण उपलब्ध कराना, सब्सिडी देना और कर में छूट देना, जिसेस स्थानीय महिला कारीगरों की उम्मीदों पर छाया सन्नाटा दूर हो सके।

प्रसंगवश


## पाक के हक में चीन ने चली अरुणाचल की चाल

> चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है।

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि 'अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।' दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो।

निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा?' लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार के मामले को गंभीरता ले लिया है। गत सात मई को, चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को इस बात के लिये फटकार लगायी थी कि उसने तथ्यों और स्रोतों को पुष्टि किए बिना पाकिस्तान की सेना द्वारा भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने की रिपोर्ट दी थी। दिल्ली ने बुधवार को भारत में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एक्स-अकाउंट हैंडल को कुछ घंटों के लिये ब्लॉक कर दिया था। निस्संदेह, चीनी शरारतें उनके नेताओं के भारत के प्रति हाल के प्रयासों के विपरीत हैं। ऐसे में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा परिकल्पित ड्रैगन और हाथी के बीच दोस्ती का प्रपंच तब तक एक दूर का सपना ही रहेगा, जब तक कि चीन पाकिस्तान को बचाने के प्रयासों में लगा रहेगा।

## ।।गीता।।



**श्लोक :** नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥

**भावार्थ**

सर्वव्यापी परमेश्वर भी न किसी के पाप कर्म को और न किसी के शुभकर्म को ही ग्रहण करता है, किन्तु अज्ञान द्वारा ज्ञान ढँका हुआ है, उसी से सब अज्ञानी मनुष्य मोहित हो रहे हैं।

जीवन दर्शन

## मौन में आत्मा ब्रह्म से मिलती है और हम स्वयं से



विवेक जब परिपक्व होता है, तो साधक जानता है कि शरीर एक साधन है, मन एक उपकरण है, और बुद्धि एक मार्गदर्शक है। वह यह भी समझता है कि वह स्वयं इन सबसे परे है। जैसे कोई राजा अपने सेवकों से कार्य कराता है पर स्वयं सेवक नहीं बनता, वैसे ही आत्मा शरीर, मन, बुद्धि से कार्य करवाती है, पर उनसे बंधती नहीं। यह भेद ही मुक्ति का प्रवेश द्वार है।

यह संसार निरंतर गति में है। एक अदृश्य चक्र की भांति जो हर क्षण आकार लेता है और मिट जाता है। इस चक्र की गति इतनी सूक्ष्म और अनवरत है कि हम उसमें उलझे रहते हैं। कभी उसके मूल को पहचान ही नहीं पाते। एक साधारण मनुष्य इस परिवर्तन को जीवन का स्वाभाविक अंग मानकर चलता है, लेकिन जो साधक है, जो आत्मा की खोज में है, वह इस गति की तह तक जाता है और नित्य और अनित्य का भेद समझता है।

वह जानता है कि परिवर्तनशील वस्तुएं या घटनाएं चाहे कितनी भी आकर्षक क्यों न हों, वे सत्य नहीं हैं, क्योंकि वे शाश्वत नहीं हैं। वहीं से आरंभ होता है विवेक, यानि उस गूढ़ अंतरबोध की यात्रा जिसे आदि शंकराचार्य जी ने अपनी 'विवेकचूड़ामणि' में नित्यानित्यवस्तु विवेकः कहा है। इस विवेक का अभ्यास केवल ग्रंथों का पठन नहीं है; यह जीवन की गहराई में उतरने की क्रिया है। यह एक मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन है, जिसमें हर क्षण साधक अपने अनुभवों की परीक्षा करता है।

भोजन करते समय, संवाद करते समय, यहां तक कि शोक में डूबते समय भी एक आवाज भीतर उठती है- क्या यह क्षण स्थायी है? क्या यह भाव, यह दुख, यह सुख, यह संबंध- क्या यह मुझे उस सत्य की ओर ले जा रहा है जो अपरिवर्तनीय है? यदि नहीं, तो क्या मैं इस भाव को छोड़ सकता हूं, या कम से कम उसे अपनी आत्मा की पहचान बनने से रोक सकता हूं? यह वह अवस्था है जब व्यक्ति अपने विचारों से दूरी बनाए। अर्थात वह समझे कि मैं अपने विचार नहीं हूं। यह वही बात है जो शास्त्र सैकड़ों वर्षों से कह रहे हैं- मनः कृतं जगत। मन जैसा सोचता है, वैसा संसार बनता है। इसलिए विवेक का अभ्यास मन को प्रशिक्षित करना है। उसे यह सिखाना कि स्थायी क्या है और क्षणिक क्या।

अनन्या मिश्रा

# फजीहत के बाद भाजपा सिखाएगी आचरण का पाठ

## अनर्गल बयानबाजी से पार्टी की छवि हो रही धूमिल, नेताओं-कार्यकर्ताओं के लिए जून में आयोजित किया जाएगा प्रशिक्षण वर्ग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में नेताओं की बदजुबानी से सरकार चला रही भाजपा की जमकर फजीहत हुई है। जिस पर केन्द्रीय नेतृत्व से लेकर संघ ने भी एतराज जताया है। भविष्य में ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हो, इसके लिए भाजपा अपने नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक को आचरण का पाठ पढ़ाने की तैयारी में है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश स्तर पर जून माह में कार्यशाला भोपाल में आहुत होगी। गौरतलब है कि जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह के एक बयान से शुरू हुई बदजुबानी थमने का नाम नहीं ले रही है। अब तो कई नेता शाह के समर्थन में भी सामने आने लगे हैं। जिसे विपक्षी दल कांग्रेस मुद्दा बनाकर भाजपा को लगातार घेर रही है। दरअसल शाह का बयान सेना से जुड़ा हुआ है, जिससे आम जनता के बीच भी प्रतिकूल प्रतिक्रिया हो रही है और इससे भाजपा को नुकसान हो रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व भी इसी पक्ष में था कि शाह से इस्तीफा लेकर इस पूरे मामले का पटाक्षेप किया जाए, लेकिन कांग्रेस इस बयान को लेकर सड़क पर उतरी और भाजपा पर शाह का इस्तीफा लेने का दवाब भी बना। जानकारों का मानना है कि कांग्रेस का विरोध भी शाह के लिए कवच सा बन गया, क्योंकि भाजपा नेतृत्व कभी भी प्रेशर पॉलिटिक्स को महत्व नहीं देती।

इसके अलावा आदिवासी वोट बैंक विशेष कर गौंड वोट ने भी फिलहाल शाह की कुर्सी को सुरक्षित रखा है। लेकिन राजनीति के जानकार दावा करते हैं कि इससे भाजपा को काफी नुकसान हुआ है। इस डैमेज को कंट्रोल करने के लिए सरकार से लेकर भाजपा संगठन को आने वाले समय में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। इसके लिए यदि भाजपा भविष्य शाह के खिलाफ एक्शन लेती है,तो उसे सबसे ज्यादा आदिवासी वोट बैंक को साधे रखने की रणनीति पर काम करना होगा और यदि शाह को अभयदान मिलता है,तो सेना से जुड़े इस मुद्दों को कैसे शांत किया जाए, इस पर ध्यान देना होगा।




### आपसी खींचतान पर भी होगा एक्शन

पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भाजपा प्रदेश में अपने नेताओं के मध्य हो रही खींचतान को लेकर भी परेशान है। जिस तरह से पिछले कुछ दिनों से भाजपा नेता अपनी उपेक्षा की बात कर अपने ही दल के नेताओं को निशाने पर ले रहे है,उससे पार्टी के अंदरुनी लड़ाई सामने आ रही है,इससे भी पार्टी का कार्यकर्ता असमंजस्य में है और जनता के बीच भी गलत संदेश जा रहा है। बताया गया है कि इस प्रशिक्षण में ऐसे नेताओं की अलग से क्लास लगाई जाएगी और उन्हें बताया जाएगा कि पार्टी मजबूत होगी,तभी नेता और कार्यकर्ता मजबूत रहेगा। इन नेताओं को दो टूक बताया जाएगा कि उन्हें पहले पार्टी फोरम में अपनी बात रखनी होगी,यदि नहीं किया गया तो पार्टी उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेंगे,भले ही इसका नुकसान पार्टी को हो।

### मंत्री से लेकर सांसद-विधायकों को भी दिया जाएगा प्रशिक्षण

इधर भाजपा ने भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। बताया जा रहा है कि पार्टी पहले भोपाल में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आहुत करेगी, जिसमें मंत्रियों से लेकर वरिष्ठ नेताओं, विधायक और सांसदों को संघ व पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेताओं को आचरण का पाठ पढ़ाया जाएगा। इसके उपरांत संभाग और फिर जिला स्तर पर इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग आहुत किए जाएंगे।

### कांग्रेस से आए भाजपाइयों की फिर अलग से लगेगी पाठशाला

जानकारों का कहना है कि प्रशिक्षण वर्ग में उन नेताओं की अलग से पाठशाला लगेगी, जो कांग्रेस से भाजपा में आए हैं। यह अलग बात है कि इन नेताओं को पहले भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसमें सांसद से लेकर विधायक और पार्टी के नेता शामिल होंगे। बताया गया है कि पार्टी फिलहाल कुछ समय के लिए दूसरे दलों के नेताओं को दल में शामिल करने से बचेगी। इसके लिए पार्टी पहले इन नेताओं के बारे में जानकारी एकत्र कराएगी और उनके आने से जनाधार स्तर पर कितना लाभ पार्टी को मिलेगा, इसका पता कराएगी।

# कैबिनेट आज : राजवाड़ा में 200 साल बाद होंगे प्रशासनिक फैसले

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** होल्कर सम्राज्य ने जिस राजवाड़ा में लगभग 200 साल पहले राजसी निर्णय लिए थे, वहीं पर आज मोहन सरकार सूबे के हित में कई अहम फैसले लेंगे। यहां से जहां विजन 2047 का खाका सामने लाया जाएगा, तो वहीं महानगरों की तर्ज पर भोपाल-इंदौर को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाए जाने के निर्णय पर मुहर लगेगी। गौरतलब है कि सुशासन, स्वावलंबन, आत्म-निर्भरता और महिला कल्याण की मिसाल मानी जाने वाली लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के पुण्य सम्मान में 20 मई को इंदौर के उस राजवाड़ा में कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है,जहां कभी होल्कर सम्राज्य प्रजा के हित में निर्णय लेता था। यह पहली बार होगा, जब मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक राजवाड़ा जैसे ऐतिहासिक स्थल पर होगी। कैबिनेट में जहां विजन 2047 को लेकर लगभग सभी मंत्री विभागों के विजन का प्रजेंटेशन देगें, तो कैबिनेट में इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलेटन क्षेत्र बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा सकती है। बैठक में लोक परिवहन के लिए बस सेवा शुरू करने पर भी विचार कर सकती है। कई दूसरे अहम प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई जा सकती है। कैबिनेट की बैठक की वजह से 20 मई को जहां सरकार के अधिकांश मंत्री सोमवार को देर शाम या मंगलवार की सुबह इंदौर पहुंच जाएंगे, तो मुख्य सचिव अनुराग जैन के अलावा सभी विभाग के अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी और उनके सहायक अधिकारी भी इंदौर में रहेंगे।

### अहिल्या बाई ने पूर्ण कराया था राजवाड़ा भवन का निर्माण

कैबिनेट के संदर्भ में मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने बताया कि राजवाड़ा भवन का निर्माण कार्य मल्हार राव जी होलकर महाराज द्वारा प्रारंभ किया गया था, जिसे लोकमाता अहिल्या बाई माता ने पूर्ण कराया था। उसी स्थल पर मंत्रि-परिषद की बैठक कर उन्हें नमन किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि तिथि अनुसार लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जयंती वर्ष, विवाह वर्षगांठ (20 मई) और महाराजा श्रीमंत मल्हार राव जी होल्कर की पुण्य-तिथि, ये तीनों सुयोग एक ही समय पर आ रहे हैं, जो इस आयोजन को और भी अधिक विशेष बनाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एम्स ग्रामीणों को कर रहा दवाओं के प्रति जागरूक



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दवाओं के प्रति जागरुक कर रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस फार्माकोलॉजी विभाग ने कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहयोग से बकानिया (भोपाल) स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में फार्माकोविजिलेंस और क्षय रोग (टीबी) की डॉट थेरेपी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को यह समझाना था कि फार्माकोविजिलेंस,यानी औषधियों के दुष्प्रभावों की निगरानी, दवाओं के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, इस अभियान के माध्यम से टीबी के मरीजों को डॉट थेरेपी का पूरा कोर्स करने के लिए प्रेरित किया गया और उनके संदेहों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि दवाओं के दुष्प्रभावों की जानकारी देना क्यों जरूरी है और टीबी की दवाएं समय पर तथा पूरी तरह से लेना कितना महत्वपूर्ण है। वक्ताओं ने जोर दिया कि डॉट थेरेपी का पालन न केवल मरीज के पूरी तरह ठीक होने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह दवा-प्रतिरोधी टीबी को रोकने, बीमारी के फैलाव को कम करने और समग्र जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है।

# चौथे साल में रिसर्च बढ़ाने प्रोफेसरों को बनाया जाएगा सुपरवाइजर

## गत वर्ष हुए थे 500 से अधिक गाइड पंजीकृत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने चौथे वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए रिसर्च गाइड उपलब्ध कराने की नई प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग ने रिसर्च गाइड के लिए आवेदन जमा कराने भी शुरू कर दिए हैं। गाइड नियुक्त करने का निर्णय विश्वविद्यालयों की रिसर्च डिग्री कमेटी (आरडीसी) की बैठक में लिया जाएगा। भोपाल में यह बैठक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी। इस नई पहल से विद्यार्थियों को बेहतर शोध अवसर मिलेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत यूजी के चौथे वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों को पीजी के रिसर्च कोर्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके लिए उन्हें पीजी में पृथक से प्रवेश लेने की जरूरत नहीं रहेगी। वर्तमान में चल रही काउंसलिंग से चौथे वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को सीधा लाभ होगा, जिन्हें अब रिसर्च के लिए गाइड उपलब्ध होंगे। गत वर्ष प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में करीब 500 सुपरवाईजर पंजीकृत हुए थे। सुपरवाईजर के अभाव में कालेज रिसर्च की सीटों पर प्रवेश नहीं दे पाएंगे। इसलिए कालेजों को प्रोफेसरों को संबंधित विश्वविद्यालयों में सुपरवाईजर के लिए आवेदन कराना जरूर है। गत वर्ष चौथे वर्ष में करीब 26 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए था, लेकिन सुपरवाइजर के अभाव में कालेजों को रिसर्च की सीटें नहीं मिल सकी थीं, जिसके कारण समूचे प्रदेश में करीब 600 विद्यार्थियों के ही प्रवेश हो सके थे।

### रिसर्च सेंटरों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक गत वर्ष राज्य के ढाई दर्जन से अधिक कॉलेजों ने रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिए आवेदन किया था, लेकिन कई कॉलेजों में गाइड की कमी के कारण यह प्रक्रिया लंबित है। किसी भी कॉलेज को रिसर्च सेंटर बनाने कम से कम दो गाइड की आवश्यकता होती है। एक्सीलेंस कालेज को बीयू ने मनोविज्ञान का रिसर्च सेंटर नियुक्त कर दिया है। कालेज ने इतिहास का रिसर्च सेंटर बनाने के लिए आवेदन किया है। इसके लिए बीयू की तरफ निरीक्षण होना शेष है। बीयू की कार्रवाई पूरी होने के बाद रिसर्च सेंटर घोषित होने पर एक्सीलेंस कालेज भी रिसर्च की सीटों पर प्रवेश दे पाएगा। दूसरी ओर कॉलेजों को रिसर्च सेंटर बनाने की प्रक्रिया मई-जून में ही पूरी हो जानी थी, लेकिन सुपरवाईजर के अभाव में मामला अटका है। यदि समय रहते कॉलेजों को रिसर्च सेंटर बनाया जाता है, तो चौथे वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## सीएम ने समरधा में किया भोज-नर्मदा द्वार का भूमिपूजन, नीमच में सौर संयंत्र का वचुर्अल लोकार्पण

# प्रदेश की पहचान वीर शासकों की रही है: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। ऐसे में सरकार ने तय किया है कि हमारी गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसलिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर राजा भोज,विक्रमादित्य जैसे महापुरुषों के नाम पर द्वार बनाए जाएंगे। सीएम रविवार को होशंगाबाद रोड स्थित समरधा में भोज-नर्मदाद्वार का भूमिपूजन के बाद अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोक कल्याण के लिए जाना जाता है, तो राजा भोज को महान शिक्षक और योद्धा के रूप में याद किया जाता है। सरकार का उद्देश्य है कि इन ऐतिहासिक शख्सियतों की विरासत को नई पीढ़ी और पूरे देश के सामने प्रस्तुत किया जाए।

### कर्नल सोफिया और व्योमिका सिंह ने नारी सामर्थ्य का प्रकटीकरण किया

सीएम ने कहा कि बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विश्व के सामने ऑपरेशन सिंदूर में आंतकियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रकटीकरण किया है।

### प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार

सीएम ने कहा कि भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निर्मित होने वाले 9 द्वारों पर माँ नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे। उज्जैन में निर्मित महामृत्युंजय द्वार, विभिन्न काल में उज्जैन के इतिहास और प्रमुख घटनाओं को अभिव्यक्त करता है।

### नीमच की बिजली से भोपाल में होगा जलप्रदाय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वचुर्अल रुप से नीमच स्थित सोलर पैनल का लोकार्पण किया। 10 मेगावाट का यह सोलर पैनल भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित किया गया है। बताया गया है कि इस सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग भोपाल की जल प्रदाय व्यवस्था के संचालन में किया जाएगा। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ-साथ आत्मनिर्भर नगर निगम व नगर पालिका के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भोपाल नगर निगम द्वार नीमच में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना, आत्मनिर्भता की ओर एक प्रभावी कदम है। भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय ने बताया कि 5 करोड़ रुपए की लागत से भोज-नर्मदा द्वार का निर्माण होगा। इस अवसर पर खेल युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, भोपाल भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित थे।

### सीएम ने 'संग्रहालय मेला' का किया शुभारंभ वर्चुअल रियलिटी केंद्र बना आकर्षण का केंद्र



अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय परिसर में 'संग्रहालय मेले' की भव्य शुरुआत हुई। इस सप्ताहव्यापी आयोजन का उद्घाटन सीएम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। यहां उन्होंने कहा कि हमारे पुरातत्वविद् एक सिक्के को देखकर इतिहास की पूरी कहानी कह सकते हैं। यह कला अद्भुत है। हमें अपनी जड़ों को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर अग्रसर होना है। मुख्यमंत्री ने राज्य संग्रहालय में स्थापित वर्चुअल रियलिटी केंद्र का अवलोकन करते हुए जनता के लिए उपयोगी बताया। प्रदेश के पहले वर्चुअल म्यूजियम सेंटर में बिना किसी गाइड के आप खुद स्मारकों के भीतर घूम सकते हैं। ओरछा और भोपाल से शुरू हुई ये पहल जल्द ही प्रदेश के अन्य ऐतिहासिक स्थलों में भी पहुंचने वाली है। इस मौके पर पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित 11 नई पुस्तकों का विमोचन किया गया, साथ ही विभागीय मैस्कॉट 'वाकण दादा' का लोकार्पण भी हुआ। मुख्यमंत्री ने डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर को स्मरण करते हुए उनकी ऐतिहासिक खोजों को प्रेरणादायी बताया। मेले में 'भारत की सौर परंपरा' पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी ने दर्शकों को देश के सूर्य मंदिरों और उनसे जुड़ी कलात्मक विरासत से परिचित कराया। मेले के 9 स्टॉल में संग्रहालय, संरक्षण, डिजिटाइजेशन,3 डी प्रिंटिंग, मॉडलिंग और प्रकाशन से संबंधित कार्यों का प्रदर्शन किया गया।

# ईएसबी की निरस्त समूह 1-उप समूह 3 की परीक्षा अब 23 को

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल 23 मई को समूह 1- उप समूह 3 की संयुक्त परीक्षा 2024 का आयोजन करेगा। इसकी संशोधित सूचना ईएसबी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। उम्मीवार ईएबसी की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। उन्हें पुराने प्रवेश पत्र से परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा गत गुरुवार को तकनीक समस्याओं के चलते निरस्त कर दी थी।

ईएसबी को गत गुरुवार को दस हजार 704 उम्मीदवारों की समूह 1- उप समूह-3 की संयुक्त परीक्षा 2024 करानी थी। परीक्षा में चार हजार 818 उम्मीदवार शामिल हुए थे। उक्त परीक्षा तकनीकी खराबी के कारण नहीं हो पाई है। इस दौरान समस्त उम्मीदवारों को ढाई घंटे तक इंतजार करना पड़ा था। इस संबंध में ईएसबी पहुंचकर उम्मीदवारों ने शिकायत भी दर्ज कराई थी। ईएसबी में समुह-1 उप समुह-3 के पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा 2024 में कुल 22 हजार 66 आवेदन जमा हुए थे। एक दिन की परीक्षा में दो पालियां रखी गई थीं। पहली पाली की परीक्षा निरस्त होने के बाद दूसरी पाली समय पर आयोजित कराई गई थी।

**● गुरुवार को पेपर अपलोड नहीं होने के कारण हुई थी निरस्त**

# 131 किमी लंबी पदयात्रा निकालेंगे धीरेंद्र शास्त्री



**जागरण, छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने घोषणा की है कि हिंदू राष्ट्र के लिए वे आगामी 7 नवंबर से 10 दिवसीय पदयात्रा निकालेंगे। यह यात्रा दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा होती हुई उत्तर प्रदेश के मथुरा तक जाएगी। यह घोषणा पं. धीरेंद्र शास्त्री ने पानीपत में आयोजित श्री हनुमंत कथा के पहले दिन की। यह कथा तीन दिन तक चलेगी, जिसमें सुंदरकांड की एक चौपाई पर विशेष चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल टंडन भी मौजूद थे। पं. शास्त्री ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक पहुंचना है, जो आर्थिक कारणों से बागेश्वर धाम नहीं आ पाते। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर के अनुसार 131 किमी लंबी यह पदयात्रा 400 गांवों और नगरों से होकर गुजरेगी। इस क्षेत्र में 5 करोड़ की आबादी निवास करती है। यह उनकी दूसरी पदयात्रा होगी। पहली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 2024 में निकाली गई थी, जो 160 किमी लंबी थी। इसमें देश-विदेश से लाखों लोग शामिल हुए थे।

# निरंतर विकास ही नरेला की पहचान है : सारंग

**जागरण, भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 39 के नवीन नगर में सीसी रोड, नाली निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने नवीन नगर में पार्क और खेल का मैदान बनाने की भी घोषणा की। मंत्री सारंग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 में शुरू हुई नरेला विधानसभा की विकास यात्रा आज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और यह सतत विकास आज नरेला की पहचान बन गया है। मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही थी, लेकिन आज अग्रणी क्षेत्र में गिनी जाती है। उन्होंने आगे कहा कि हम वर्तमान ही नहीं बल्कि भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य कर रहे हैं।

# पूर्व मंत्री हनी सिंह पर बहू ने दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

## पीड़िता का दावा: ननद ने शादी के समय पति को एमबीए करना बताया, बाद में आठवीं पास निकला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र हनी सिंह बघेल के खिलाफ उनकी बहू की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। हनी सिंह बघेल की बहू और उनके छोटे भाई देवेंद्र सिंह बघेल की पत्नी काम्या सिंह बघेल ने दावा किया कि शादी के बाद से उनके पति देवेंद्र, सास चंद्रकुमारी सिंह, जेठ सुरेंद्र हनी सिंह बघेल, भाभी शिल्पा सिंह और ननद शीतल दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे हैं। जबकि, उनके पिता ने शादी के समय महंगी कार समेत कई कीमती वस्तुएं दहेज में ससुराल वालों को दी थीं। बावजूद ससुराल वाले दहेज में लग्जरी कार की मांग को लेकर उसे यातना दे रहे हैं। कार नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट की गई। काम्या ने पिछले दिनों रातीबड़ थाने में इसकी शिकायत की थी। जिसकी जांच महिला थाने में भेजी गई। महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। सुरेंद्र हनी सिंह बघेल कांग्रेस से धार की कुक्षी विधानसभा सीट से विधायक हैं। साल 2013 में उन्होंने विधानसभा चुनाव जीता था और मध्यप्रदेश सरकार में पर्यटन और नर्मदा घाटी विकास विभाग के मंत्री बने। 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी, लेकिन फिर कांग्रेस में वापसी कर 2023 का विधानसभा चुनाव जीता। पुलिस हनी सिंह को जल्द ही नोटिस देगी।


पूर्व मंत्री हनी सिंह

### देवेंद्र और काम्या की वर्ष 2018 में हुई शादी

देवेंद्र और काम्या का विवाह 2018 में हुआ था। दोनों की दो जुड़वा बेटियां भी हैं। थाना प्रभारी अंजना दुबे ने बताया कि 34 वर्षीय काम्या दुबे रातीबड़ क्षेत्र में रहती हैं। दूर के रिश्ते में उनकी चाची शीतल ने अपने भाई देवेंद्र सिंह बघेल से रिश्ता तय करवाया था। फरवरी 2018 में दोनों का अतंरजातीय विवाह हुआ था। शिकायत में काम्या ने बताया कि शादी से पहले उनकी ननद शीतल व पूरे परिवार ने बताया था कि देवेंद्र ने एमबीए की पढ़ाई की है, जबकि वह सिर्फ आठवीं पास हैं। साथ ही बताया कि परिवार ने शादी से पहले दावा किया था कि वह कई बड़े बिजनेस संभालते हैं, जबकि देवेंद्र शराब के आदी हैं, जिसके चलते वे कोई काम नहीं कर पाते हैं।

### काम्या का आरोप: हनी सिंह ने पति को गायब करा संपत्ति हड़पने का रचा षडयंत्र

काम्या सिंह बघेल ने बताया कि ससुराल से प्रताड़ित होने के कारण पिछले कई महीनों से वह अपने माता-पिता के साथ रह रही हैं। तलाक न होने के कारण उनके पति देवेंद्र बेटियों के पढ़ाई का खर्च कभी-कभी देते थे, लेकिन फरवरी 2015 में उनके जेठ हनी सिंह बघेल ने अपने कुछ लोगों को भोपाल भेज कर पति देवेंद्र को गायब कर दिया है। वे बताते तो हैं कि इंदौर के किसी अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि उन्हें गायब कर दिया गया है ताकि ससुराल पक्ष की पूरी जमीन पर हनी सिंह बघेल कब्जा कर सकें।

### स्थानांतरण के लिए 21 तक करना होंगे आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूल शिक्षकों में शिक्षक स्थानांतरण लेने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। वे मंत्री और अफसरों के चक्कर काट रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण करने के लिए शिक्षकों से आवेदन जमा कराना शुरू कर दिया है। इसके तहत शिक्षक 21 जून तक आवेदन कर सकते हैं। स्वैच्छिक स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारंभ के उपरांत बड़ी संख्या में शिक्षकों द्वारा वर्तमान पदस्थी दिनांक, विषय परिवर्तन, उच्च पद प्रभार के उपरांत से संबंधित प्रविष्टी में सुधार के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

**आवेदन जमा** | स्कूल शिक्षा विभाग को 31 मई तक करने हैं अधिकारी और कर्मचारियों के स्थानांतरण

# प्रदेशभर के 68 फीसदी प्रोफेसर खड़े हैं तबादले की कतार में

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग को 31 मई तक स्थानांतरण करने हैं। इसके लिए आवेदन जमा करा लिए गए हैं। विभाग को अंतिम तिथि तक एक हजार 830 आवेदन मिले हैं। इसमें 68 फीसदी आवेदन प्रोफेसरों ने किए हैं। शेष आवेदन खेल अधिकारी, ग्रंथपाल और अन्य कर्मचारियों द्वारा किए गए हैं। इसमें अधिकतर आवेदन उन प्रोफेसरों के हैं, जिन्होंने 2019 में नियुक्तियां हासिल की थीं। उनकी परिवीक्षा समाप्त हो गई है। इसलिए वे नये स्थान पर जान चाहते हैं। विभाग ने जमा आवेदनों की स्क्रूटनी शुरू कर दी है। जल्द ही स्थानांतरण के आदेश ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। लंबे समय से एक स्थान पर जमे कर्मचारी और अधिकारी कालेज और विश्वविद्यालयों को छोड़ना चाहते हैं। इसलिए समूचे राज्य से विभाग को अंतिम तिथि तक एक हजार 830 आवेदन मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा एक हजार 260 आवेदन प्रोफेसरों द्वारा किए गए हैं। इसके बाद 115 खेल अधिकारी और 114 ग्रंथपाल ने आवेदन किए हैं। इसके अलावा कुछ असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने आवेदन किए हैं। करीब 300 आवेदन कर्मचारियों ने स्थानांतरण के लिए हैं। विभाग ने आवेदनों की स्क्रूटनी करेगा। इसमें देखा जाएगा कि कौन से अधिकारी व कर्मचारी कितने समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। यहां तक उनके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज तो नहीं कराई गई।



### जरूरत वालों को दी जाएगी प्राथमिकता

विभाग स्थानांतरण के पहले देखेगा कि किस अधिकारी व कर्मचारी को तबादले की कितनी आवश्यकता है। इसमें सबसे ज्यादा ऐसे आवेदनों को प्रथमिकता दी जाएगी, जिनके माता पिता के पास कोई सहारा नहीं है। इसके बाद कैंसर पीड़ित और परिवार को देखरेख की आवश्यता पर नजर रखी जाएगी।

### छह साल से एक ही स्थान पर हैं असिस्टेंट प्रोफेसर

2019 में नियुक्त हुए असिस्टेंट प्रोफेसर एक ही स्थान पर बने हुए हैं। पहले वे परिवीक्षा अवधि समाप्त होने का इंतजार करते रहे। जैसे ही परिवीक्षा अवधि समाप्त हुई है, तो वे अपने गृहनिवास की तरफ संचालित कालेजों में पदस्थ होने की लालसा में लगे हुए हैं। इसलिए उन्होंने आवेदन करने में कोई कोताही भी नहीं बरती है।

### प्रदेश के 573 कालेजों में प्रोफेसरों के 5694 पद रिक्त

प्रदेश के 573 कालेजों में पांच हजार 694 प्रोफेसर, 287 खेल अधिकारी और 308 लाइब्रेरियन के पद रिक्त हैं। प्रदेश में करीब छह हजार 263 प्रोफेसर कार्यरत हैं। उक्त रिक्त पदों को देखते हुए विभाग प्रोफेसरों के स्थानांतरण की रणनीति तैयार कर रहा है। विभाग हर कालेज से रिक्त पदों की जानकारी ले चुका है। अब रिक्त पदों के आधार पर विभाग प्रोफेसरों की स्थानांतरण करेगा। इसमें भोपाल में करीब एक दर्जन फैकल्टी में करीब 100 पद रिक्त बने हुए हैं।

### अतिथि विद्वान परेशान, बढ़ेगी फालेन आउट की संख्या

प्रोफेसरों के स्थानांतरण होने से सबसे ज्यादा समस्या अतिथि विद्वानों को आएगी। उन्हें फालेन आउट कर दिया जाएगा। उन्हें नये स्थान पर पदस्थ करने विभाग ने कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। हर माह एक से तीन तारीख तक पोर्टल में विकल्प प्रस्तुत करना है, पांच तारीख को आवंटन होगा। वहीं पांच से दस तारीख तक उपस्थित दर्ज करनी होगी। ऐसे ही द्वितीय चरण में 15 से प्रक्रिया शुरू होगी और जो 30 तारीख तक चलेगी। अतिथि विद्वान महासंघ के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष पाण्डेय ने कहा कि मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की स्पष्ट घोषणा थी कि फालेन आउट शब्द विलोपित किया जाता है। अब अतिथि विद्वान फालेन आउट नहीं होंगे। अब फालेन आउट करने की सरकार कैसे तैयारी कर रही है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि सरकार उन पदों को भरा माने जहां अतिथि विद्वान पदस्थ हैं।

> प्रोफेसरों के स्थानांतरण के आवेदन जमा करा लिए गए हैं। समय रहते आवेदनों का निराकरण करते हुए स्थानांतरण किए जाएंगे।
>
> ■ **इंदर सिंह परमार**, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, आयुष विभाग मंत्री

# ग्रामीण बालिकाओं का समग्र विकास बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य : राव





## एनटीपीसी विंध्याचल ने अभियान के तहत 600 से अधिक बालिकाओं को किया प्रशिक्षित

### एनटीपीसी विंध्याचल मे बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 का शुभारंभ

जागरण, विंध्यनगर

ग्रामीण परिवेश की 5वीं पास बालिकाओं का समग्र विकास बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 का उदेश्य है। बालिकाओं को हर विधा मे पारंगत कर उन्हें उनके सपनों की उड़ान प्रदान करने के लिए एनटीपीसी ने इस अभियान का शुभारंभ वर्ष 2018 मे विंध्याचल परियोजना से किया था और यह प्रोग्राम एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं मे किया जा रहा है। यह बातें उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एन एस राव ने कहीं। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक आज एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के मैत्री सभागार मे बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के उदघाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे। श्री राव ने कहा कि विन्ध्याचल परियोजना के इस बालिका सशक्तिकरण अभियान मे परियोजना के आस.पास की 5वीं पास ग्रामीण बालिकाओं को विभिन्न विधाओं मे पारंगत किया जाएगा। श्री राव ने कहा कि ग्रामीण बालिकाओं में प्रतुभा की कमी नहीं है जरूरत है इनकी प्रतिभा को निखारने की। श्री राव ने इस अभियान मे बालिकाओं को शामिल करने के लिए उनके अभिवावकों को भी आभार ज्ञपित किया कि उन्होनें एनटीपीसी पर विश्वास करते हुये एक माह के लिए अपनी बालिकाओं को अभियान मे शामिल होने के लिए सहमति व्यक्त की। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के प्रथम बैच 2018 की छात्रा काजल विश्वकर्मा जो इस वर्ष डीपीएस स्कूल विंध्यानगर से कक्षा 12वीं की सीबीएससी कि परीक्षा 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण करने पर बधाई देते हुये बालिकाओं से रोल मॉडल के रूप मे देखने और उनके दिखाये हुये रास्ते पर चलने की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एस एन राव उत्तरा महिला मण्डल कि अध्यक्षा श्रीमती विजया राव विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार सुहासिनी संघ की अध्यक्षा श्रीमती सरोजा फणि कुमार एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक राजीव अकोटकर वनिता समाज की अध्यक्षा पीयूशा अकोटकर रिहंद परियोजना के कार्यकारी निदेशक अनिल श्रीवास्तव वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा शिखा श्रीवास्तव विंध्याचल के महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीव कुमार साहा सहित अन्य महाप्रबंधकगणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने स्वागत सम्बोधन मे विंध्याचल परियोजना के मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा ने उपस्थित अतिथियों एवं मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुये बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 की रूप रेखा के बारे मे जानकारी देते हुये बताया कि यह इस अभियान की शुरुआत विंध्याचल परियोजना से ही वर्ष 2018 मे की गई थी। इस अभियान के तहत अब तक 600 से अधिक ग्रामीण बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होने बताया की अभियान की सफ्लता के कारण अब यह अभियान एनटीपीसी के 24 परियोजनाओं मे चलाया जा रहा है। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार ने कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एन एस राव का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 ग्रामीण बालिकाओ के सपनों को साकार करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होनें बालिकाओं इस अभियान मे बढ़.चढ़ कर भाग लेने और अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती कामना शर्मा ने की जबकि अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती मृणालिनी ने मुख्य अतिथि सहित अतिथियों के प्रति आभार ज्ञपित किया।



### जेम प्रथम बैच की काजल विश्वकर्मा ने किया बच्चियों को प्रोत्साहित

कार्यक्रम के दौरान जेम 2018 प्रथम बैच की डीपीएस स्कूल विंध्यानगर की छात्रा काजल विश्वकर्मा ने बालिकाओं को अपने अनुभव शेयर किए। काजल ने बताया कि कैसे उसने इस अभियान मे शामिल होकर कक्षा 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की । काजल ने अपनी सफ्लता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों माता.पिता एवं विंध्याचल प्रबंधन तथा सुहासिनी संघ की पदाधिकारियों को दिया।

### प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

बालिका सशक्तिकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर परियोजना के डीपीएस डी.पॉल सरस्वती विद्यालय की छात्राओं द्वारा देश भक्ति राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता से ओत.प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया दीए जिसे उपस्थित लोगों द्वारा साराह गया।

**मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत :** कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने जेम 2018 प्रथम बैच की 12वीं पास डीपीएस एवं डी.पॉल की छात्राओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे शामिल बालिकों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से महाप्रबंधक प्रचालन राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन एवं एडीएम ए जे राजकुमार महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डी के अग्रवाल सहायक कमांडेंट्स सीआईएसएफ ज्ञान सिंह भाटी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ.साथ बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 के बच्चें एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# गृहणियों को प्राथमिक उपचार में पारंगत कर रही एनसीएल



### अभी तक 2773 महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**जागरण, सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अभी तक 86 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 2773 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर हृदय पुनर्जीवन सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा सांप के काटने पर उपचारए जलने और चोटों का उपचार रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि एनसीएल द्वारा गत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी।

# सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन




**जागरण, सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की अमलोरी परियोजना में सीएमपीएफ समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक अमलोरी आलोक कुमार क्षेत्रीय आयुक्त सीएमपीएफ विनोद कुमार सिंह सहायक आयुक्त सीएमपीएफ नवीन निश्चल परियोजना स्तरीय जेसीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन एनसीएल के पूर्व एवं वर्तमान कर्मियों की सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी शिकायतकर्ताओं ने सीएमपीएफ एवं पेंशन भुगतान संबंधी समस्याएँ सामने रखीं तथा परियोजना से सीएमपीएफ टीम द्वारा कई समस्याओं का निराकरण किया गया । इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं के शीघ्र निवारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय.समय पर पेंशनभोगियों की शिकायतों के त्वरित निपटान एवं कर्मी कल्याण हेतु ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक संपन्न

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक में मुख्यमंत्री गौ.सेवा योजना के अंतर्गत संचालित 28 शासकीय गौशालाओं एवं 3 स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओ में चारा भूसा हेतु मार्च और अप्रैल माह को मिलाकर कुल 71 लाख 46 हजार 860 रूपये की भरण पोषण राशि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मार्च 2025 माह के प्रति पशु 20 रुपये तथा अप्रैल 2025 माह मे प्रति पशु 40 रुपये की दर से गौशालाओं को राशि प्रदान की गई है। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ और उपसंचालक पशुपालन एवं समिति के सचिव डॉ.आर के सोनी मौजूद रहे।

**पांच हजार गौवंश क्षमता की बनेगी गौशाला :** बैठक में मुख्यमंत्री स्वावलंबी गौशाला कामधेनु योजना के अंतर्गत जिले में पांच हजार गौवंशीय क्षमता वाला गौशाला खोलने पर चर्चा हुई। योजना की शर्त के अनुसार इस गौशाला का संचालन 10 करोड़ रूपये के टर्नओवर वाली गौपाल संस्थाए फर्म, सोसायटी, ट्रस्ट और रजिस्टर्ड कंपनी द्वारा किया जाएगा। इस गौशाला में 30 प्रतिशत गौवंश देशी भारतीय नस्ल की गायों की रहेगी और 70 फीसदी गौवंश लावारिस और अशक्त गोवंश को इस गौशाला में रखा जाएगा। योजना के प्रावधान के अनुसार इस गौशाला में भैंस व शंकर नस्ल की गाय नहीं रखी जा सकेगी। गौशाला के लिए जिला प्रशासन जल्द ही 25 एकड़ प्रति हजार गौवंश के मान से 125 एकड़ शासकीय भूमि चयनित कर पशुपालन विभाग को आवंटित करेगा। इस गौशाला का संचालन करने की इच्छुक संस्थाओं के पास गौशाला संचालन का 3 साल का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही बायोगैस संयंत्र के क्षेत्र में काम करने का भी 3 साल का अनुभव होना चाहिए। गौपालक संस्था के पास 50 करोड़ रूपये लागत राशि भी होनी चाहिए।

## नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**जागरण, सीधी।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है।

# रामबिहारी पर दर्ज हुआ विधवा महिला से मारपीट का मामला

### पुलिस ने अन्य हमलावरों पर नहीं की कार्रवाई

### विधवा महिला के साथ 5-6 लोगों ने किया था हमला

जागरण, सीधी




जिले के पुलिस चौकी पिपरांव अन्तर्गत ग्राम कपुरी कोठार के हनुमान मंदिर के सामने विगत दिनों विधवा महिला अर्चना मिश्र पर हुये हमले के मामले में एक हमलावर रामबिहारी पाण्डेय पिता रामसजीवन पाण्डेय ग्राम रैदुआरिया पर अपराध क्रमांक 0446/25, धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि अन्य हमलावरों पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके कारण अकेली विधवा महिला को आरोपियों से खतरा बना हुआ है। मीडिया से चर्चा करते हुए पीड़िता बेवा अर्चना मिश्र ने बताया कि मेरे जेठ हनुमान प्रसाद मिश्र ने किराये के गुण्डो से मेरे ऊपर 17 मई की रात हमला करबाये थे। हनुमान प्रसाद मिश्र पिता स्व. रामपाल मिश्रा, अनुरूद्ध मिश्रा पिता हनुमान प्रसाद मिश्र निवासी कपुरी कोठार, रामबिहारी पाण्डेय पिता रामसजीवन पाण्डेय ग्राम रैदुआरिया, बसंत द्विवेदी पिता बंशपति द्विवेदी, सुधाकर द्विवेदी पिता रमाशंकर द्विवेदी निवासी कपुरी पवाई, सीताराम पाण्डेय पिता कौशल प्रसाद पाण्डेय निवासी भरतपुर आदि शामिल थे, किन्तु पुलिस ने सिर्फ एक हमलावर रामबिहारी पाण्डेय पर पुलिस प्रकरण दर्ज किया है। जबकि घटना के वीडियो पर लोग दिख रहे है। उन्होंने बताया कि उक्त लोगों के द्वारा ना केवल मेरे साथ मारपीट की गई बल्कि मेरा चीर हरण करने व मेरे इज्जत पर हाथ डालने का प्रयास भी किया गया था। किन्तु पिपरांव चौकी पुलिस ने सिर्फ एक व्यक्ति पर साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि हनुमान प्रसाद मिश्र जो स्वयं शंभू पुजारी बन कर हनुमान मंदिर को असमाजिक तत्वों का अड्डा बना दिये है। यहां शाम होते ही आस-पास के गजेड़ी, नसेड़ी, अपराधिक पृवत्ति के लोग यहां इकट्ठे हो जाते हैं और देर रात तक बैठते हैं। रात 8 बजे मंदिर की आरती हो जाती है फिर भी काफी संख्या में असमाजिक तत्व बैठे रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि हनुमान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को हनुमान प्रसाद मिश्र जानबूझकर बंद किये हुए हैं। जिससे उनकी आपराधिक गतिविधियों की किसी को कोई सबूत ना मिल पाये। पीड़िता ने बताया कि 18 मई को भी रात में हमलावर हनुमान प्रसाद मिश्र, अनुरूद्ध मिश्रा, रामबिहारी पाण्डेय, बसंत द्विवेदी, सीताराम पाण्डेय, सुधार द्विवेदी आदि लोग देर रात तक मंदिर के बाहर बैठे थे। मैं अब शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलती और आरती करने भी नहीं जाती। पीड़िता ने बताया कि हमें इन लोगों से अभी भी खतरा बना हुआ है। किसी भी समय ये लोग मेरे साथ कोई भी घटना कारित कर सकते हैं। भगवान सबके हैं मैं किसी को पूजा पाठ करने से नहीं रोकती। लोग आये पूजा करें और चले जायें। लाठी, डंडा लेकर रात में 4-5 घन्टें मंदिर में बैठने का क्या औचित्य है। उन्होंने ने बताया कि यदि मेरे साथ कोई घटना घटती है तो उसके जिम्मेदार हनुमान प्रसाद मिश्र, अनुरूद्ध मिश्र, रामबिहारी पाण्डेय, बसंत द्विवेदी, सुधार द्विवेदी और सीताराम होगें।

### रामबिहारी आदिवासी सरपंच से कर चुके हैं अभद्रता

रामबिहारी पाण्डेय का महिलाओं के साथ गाली गलौज कर उन्हें अपमानित करने और उन्हें सोशल मीडिया में बदनाम करने का पुराना नाता रहा है। विगत माह पूर्व उनके द्वारा ग्राम पंचायत कपुरी कोठार की आदिवासी महिला सरपंच के साथ गली गलौज व अभद्र व्यवहार किया गया था। जिसकी शिकायत महिला सरपंच के द्वारा पुलिस चौकी पिपरांव व हरिजन थाना सीधी में की गई थी। दूसरी घटना विधवा महिला के साथ कारित कर दिये। हनुमान प्रसाद मिश्र के चंद पैसे के लालच में अकेली विधवा महिला के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर आम जनता में काफी जनाक्रोश दिखाई दे रहा है। लोग यही कहते हैं कि दूसरे गांव के परिवारिक मामलों में रामबिहारी पाण्डेय को शामिल होने की क्या जरूरत थी। किन्तु चंद पैसे के लिए विधवा महिला के जेठ के कहने पर उसके साथ मारपीट करने का कृत्य काफी अशोभनीय और अक्षम्य है।

> साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रामबिहारी पाण्डेय के विरुद्ध आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस की विवेचना अभी जारी है।
>
> **शेषमणि मिश्रा, प्रभारी पुलिस चौकी पिपरांव**

## टीईएफसी के लिए एनटीपीसी के एजीएम के एन ठाकुर नामित



**जागरण, सिंगरौली।** एनटीपीसी केंद्रीय कार्यालय एजीएम आंतरिक लेखा परीक्षा के एन ठाकुर को वर्ष 25 के लिए द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफइंडिया आईसीएसआई के उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद एनआईआरसी की ट्रेनिंग एंड एजुकेशनल फैसिलिटीज कमेटी टीईएफसी के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। टीईएफसी छात्र.केंद्रित कार्यक्रमों को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक सदस्य के रूप में श्री ठाकुर 15.दिवसीय क्लास रूम एग्जीक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम ई डी पी एवं अन्य कार्यकलापों के सुधार में योगदान देंगे। समिति योग्य संकाय के चयन में सहायता करने और कंपनी लॉ क्विज़ मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं और भाषण प्रतियोगिताओं जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के दायित्वों का निर्वहन करेगी। इंस्टीट्यूट ऑफकॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आईसीएमए एवं आईसीएसआई दोनों के फेलो सदस्य श्री ठाकुर के डेडीकेटेड प्रोफेशनल डेवलपमेंट एवं अनुभव का लाभ संस्थान की मिलेगा। वित्त एवं सुशासन के क्षेत्र में उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें हाल ही में आईसीएम के लागत लेखा परीक्षा और एश्योरेंस मानक बोर्ड के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। उनका दोहरा नामांकन छात्रों और युवा पेशेवरों के व्यावसायिक विकास के प्रति उनकी विशेषज्ञता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## स्वच्छता पखवाड़ा 25 के अंतर्गत स्कूली बच्चों हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी, विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा स्वच्छता परववाड़ा 25 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीएसआर विभाग द्वारा परियोजना के डीपीएस डी.पॉल एवं सरस्वती स्कूल में अध्यनरत छात्र/छात्राओं हेतु स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा कर्मचारियों हेतु स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यालयों तथा कर्मचारियों से लगभग 600 से अधिक लोगों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्वच्छता पर आधारित खूबसुरत चित्रकला बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक शिक्षकगण एवं भारी संख्या मे छात्र छात्राएँ उपस्थित रही ।

# प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में सम्पन्न हुई भाजपा की प्रबंध समिति की बैठक



**जागरण, बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी की प्रबंध समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक सूर्या भवन में सम्पन्न हुई। यह बैठक जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संम्पतिया उइके के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न सांगठनिक एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई तथा की महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार हुए एवं कई महत्वपूर्ण सांगठनिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। भारतीय जनता पार्टी की यह समिति सर्वोपरि मानी जाती है तथा इस समिति में संगठन के उच्च पदाधिकारी जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ सदस्य सम्मिलित होते हैं तथा विभिन्न सांगठनिक एवं गंभीर प्रशासनिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं जिसके आधार पर संगठन एवं शासन स्तर के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। प्रबंध समिति की बैठक में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह सांसद विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता जिला महामंत्री राजकुमार दुबे एवं जिला महामंत्री लालपति साकेत उपस्थित रहे।

## एनएच 39 मेन रोड में लगती दुकाने एवं सब्जी मंन्डी

**जागरण, देवसर।** देवसर बलक थाना जियावन के सीधी सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के थाना जियावन के सामने पिछले 13 वर्षो से रोड के किनारे बस स्टैन्ड बना हुआ है और आये दिन. विद्यालय के छात्र एवं छात्राओ से बड़ी बड़ी घटना घटती रहती है , ऐसे ही एन.एच.39 मेन रोड ब्लाक के सामने से लेकर रेस्ट हाउस चौराहे तक ठेले,सब्जी टैक्सी और बडे बडे सेठो की दुकाने और मोटर साईकल रोड़ पर खड़ी रहती है जब कभी बडे अधिकारी से चंचा होती है तो विभाग अधिकारी अपने अपने पल्ले झाड़ लेते है और बही दुर्घटना होती है तो एक दिन अभियान चलाया जाता है, एक माह में दो बड़ी घटना थाना जियावन रोड के किनारे हुई है। शिव मंन्दिर रोड के सामने एक रोज चौरहे के पास 3 बजे एक दिन अभियान थाना प्रभारी एस.डी.ओ.पी देवसर में चलाया गया लेकिन कुछ परिणाम नही निकला क्योकि सरपंच सचिव ग्राम पंचायत नोढ़िया द्वारा एन.एच.39 मे बैठकी बसूली अवैध तरीके से करबाते है और सब्जी मण्डी में मीना बाजार लगाते है तो सब्जी मण्डी रोड पर लगेगी ही नो , और वही बडी घटना होती रहेगी , जिला कलेकटर एवं जिला पुलिस अधीक्षक से मॉग है कि देवसर मुख्यालय में एन.एच.39 मेन रोड़ पर लगती है सब्जी मण्डी, के ठेले चाट, चौमीन, अंण्डे मुर्गी,और बडी दुकाने लगाने लगते तो उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही की जार्य।

।।ॐ शांति।। शोक संदेश ।।ॐ शांति।।

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि

**श्रीमती कृष्णा सिंह**

धर्मपत्नी डॉ. राजेन्द्र सिंह जी एवं श्री धर्मेंद्र सिंह, डॉ. मनीष सिंह की माताजी का देवलोक गमन सोमवार, दिनांक 12 मई 2025 को हो गया है।



श्रीमती कृष्णा सिंह

उनकी त्रयोदशी रस्म
शनिवार, 24 मई 2025, दोपहर 12 बजे से
निज निवास, बी.एस.एन.एल ऑफिस के पास, शहडोल में रखी गई है।

एन सी एल NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना सं.: एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्शन/24-25/411 दिनांक: 15.05.2025

**स्पॉट ई-ऑक्शन के माध्यम से मई 2025 माह में "एम-सैंड" की बिक्री की सूचना**

**नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** स्पॉट ई-ऑक्शन के माध्यम से **"एम-सैंड"** की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है । **"मई 2025"** के लिये **दिनांक "23.05.2025"** को होने वाले स्पॉट ई-ऑक्शन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्तें एनसीएल की वेबसाइट **"www.nclcil.in"**, सर्विस प्रोवाइडर **"सर्व श्री एमएसटीसी लिमिटेड"** की वेबसाइट **www.mstcecommerce.com** विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

R-17 महाप्रबंधक (वि. एवं वि.),एनसीएल, सिंगरौली

# छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी कोर्स होंगे शुरू, स्टाइपेंड भी मिलेगा

जागरण, पन्ना




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस सत्र से विभिन्न रोजगारोन्मुखी कोर्स शुरू किए जा रहे है। राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) एक ऐसी पहल है, जो छात्रों को अपनी डिग्री हासिल करते हुए उद्योग में काम करने का अनुभव प्राप्त करने में मदद करता है। जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है।

इसके तहल बी.कॉम इन रिटेल ऑपरेशन एवं बीएससी इन हेल्थ केयर मैनेजमेन्ट कोर्स प्रांरभ किये जा रहे है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं को कौशल आधािरित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। एइडीपी पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हे न्यूनतम रूपए 8000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्र-छात्राओं को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा ।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये महत्वपूर्ण कदम

प्राचार्य डॉ एस.पी.एस.परमार ने बताया कि एईडीपी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रूचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेंगी। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्र-छात्राए जिन्होंने 12 वी कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे भी इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ आर.एम.दत्ता से मोबाईल नम्बर 7999124788 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सट्टा माफियाओं के हौसले बुलंद, बेवजह टैक्सी चालक से की सुनसान जगह ले जाकर मारपीट

## एसपी से लगाई पीड़ित ने न्याय की गुहार



**टीकमगढ़।** यू तो जिले में पुलिस अधीक्षक अभियान चलाकर क्राइम कम करने की सोच रहे है, लेकिन जिले में क्राइम कम होने की जगह और बढ़ता ही जा रहा है। इसमें पहले से लिप्त अपराधी ही अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं, जिन्हें न तो पुलिस का भय बचा है, न ही पुलिस इन अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करती है। ताजा मामला आज एसपी कार्यालय में सामने आया है जंहा पीड़ित शेख जीशान पिता शेख असरफ निवासी ईदगाह कॉलोनी ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायत दर्ज कराई है, पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि बड़ापुरा निवासी टक्कू बेना और उसके दो भाई आसिफ और फैजल ने कल 18 मई को रात्रि करीब 10 बजे के लगभग तीनो भाइयो ने पकड़कर स्टेट बैंक के पीछे ले गए जंहा बेबजह उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे पीड़ित को कई जगह चोटें आई है, पीड़ित ने इस मामले की रात्रि में ही कोतवालीके शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि बड़ापुरा निवासी टक्कू बेना टीकमगढ़ का बड़ा सट्टा माफिया है, जो जुआ-सट्टा और डायरी पर ब्याज के पैसों का काम करता है, जिसकी सभी अवैध कामो में संलिप्तता है। इसी कारण वह धनबल और बाहुबल के कारण आये दिन लोगो से मारपीट करता रहता है। पीड़ित ने बताया कि वह टेक्सी चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है, लेकिन कल से वह टेक्सी चलाने नही जा पा रहा है, यह दबंग लोग उसे ढूंढते फिर रहे है, ओर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने एसपी को दिए आवेदन में अपनी जान-माल को खतरा बताया है। पुलिस को समय रहते ऐसे दबंग जुआ-सट्टा माफियाओ पर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिये, जिससे जिले में चल रहे अवैध कारोबार कम हो सके।

# स्कूल की 66 बसों पर कार्यवाही, वसूल किया गया 45000 रूपये जुर्माना




**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल द्वारा यातायात नियमो के विरूद्ध संचालित स्कूल बस / शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध दिनांक - 13.05.2025 से दिनांक 31.05.2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान के तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पु0) श्री एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार,द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर विशेष अभियान अंतर्गत शहर के डायमण्ड चौराहा, सत्यम पैलेस, पन्ना छतरपुर वाईपास पर स्कूल बस / शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध विशेष चैकिंग की जाकर 66 बसे नियम विरूद्ध पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए 45,000 /- रूपये जुर्माना बसूल किया गया एंव वाहन चैकिंग के दौरान नियमो का उल्लघंन करने वाले 12 वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही कर 3100 रूपये जुर्माना बसूला गया ।

# नल जल योजनाओं का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराएं : कमिश्नर

## सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य बरसात के पूर्व प्राथमिकता से हो

### कमिश्नर ने ली निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बनाई जा रही नल जल योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इस संबंध में आज सागर में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि हर घर जल योजना शासन की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। यह योजना काफी धीमी गति से चल रही है। इस योजना के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने सागर संभाग में ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की सतत् व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की सतत् निगरानी होनी चाहिए। जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल व्यवस्था की सतत् मॉनिटरिंग कराएं तथा लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने सागर संभाग में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संभाग में बनाई जा रही सडकों की जिलेवार समीक्षा की तथा सडकों के निर्माण की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने सडकों के निर्माण को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन सडकों का निर्माण वर्षा से पूर्व प्राथमिकता के साथ कराना सुनिचित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों के मरम्मत की आवश्यकता है, उन सडकों की मरम्मत वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने कहा कि जो निर्माण एजेंसियां सड़कों के निर्माण में उदासीनता बरत रही हैं। ऐसी निर्माण एजेंसियों को नोटिस दें तथा उन पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में जिन परियोजनाओं में भू-अर्जन की आवश्यकता है। ऐसी परियोजाओं के भू-अर्जन के लिए अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। भू-अर्जन कार्य में गतिरोध उत्पन्न होने पर संबंधित जिले के कलेक्टरों अथवा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-अर्जन प्रकरणों को संज्ञान में लाकर उनका निराकरण भी कराएं। बैठक में कमिश्नर ने सेतु निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, भू-जल सर्वेक्षण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

# गुनौर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर की सिंचाई योजना की स्वीकृति की मांग



**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए गुनौर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के स्वीकृति की मांग रखी। विधायक डॉ. वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि बरगी बांध के पानी से देवेन्द्रनगर एवं गुनौर तहसील के ग्रामों को लाभांवित करने के लिए नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा गुनौर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन बरगी हिल्स जबलपुर को प्रेषित किया गया है। सतना जिले की नागौद तहसील को बरगी डैम का पानी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पूर्व से प्रस्तावित एवं प्रगतिरत है। सिंचाई योजना की स्वीकृति से पन्ना जिले की गुनौर एवं देवेन्द्रनगर तहसील के क्रमशः 52 एवं 22 ग्रामों को भी लाभ मिल सकेगा। इससे 22 हजार 600 हेक्टेयर से अधिक निजी भूमि सिंचित हो सकेगी।

# अजयगढ़ में प्राचीन जलाशय की सफाई के लिए किया श्रमदान



**पन्ना।** जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में संचालित प्राचीन जल स्त्रोतों के साफ-सफाई कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में आज अजयगढ़ के खंदिया हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित प्राचीन चोपरा जलाशय में श्रमदान के जरिए साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही जल संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर जल सहेजने का संकल्प भी दिलाया गया। उपस्थितजनों को समय रहते जल संरक्षण के उपाय करने तथा पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। परिषद के वालेंटियर ने कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित जीवन के लिए जल संरक्षण का कार्य जरूरी है। हर खेत और हर गांव में वर्षा जल के संचयन का सार्थक प्रयास करना चाहिए। खेती में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन पद्धति के उपयोग से भी पानी का अपव्यय रोका जा सकता है। इस अवसर पर नवांकुर संस्थाओं के परामर्शदाता छात्र और प्रस्फुटन समितियों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# बीच सड़क पर रोककर पति-पत्नी के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। यह वीडियो आज सोमवार की सुबह 9 बजे से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में रास्ते में रोक कर पति-पत्नी के साथ मारपीट की जा रही है,पीड़ित उमेश वंशकार ने बताया कि वह जतारा का रहने वाला है अपने सास ससुर को देखने के लिए 13 तारीख दिन मंगलवार को जिला अस्पताल टीकमगढ़ आ रहा था। 20 हजार रुपए लेकर आ रहा जो उपचार के लिए सास ससुर जरूरत थी। वह जतारा से आ रहा था। बस स्टैंड पर बस से उतरकर टमटम में बैठकर आया रस्ते में अंबेडकर चौराहे के पास कुल 6 लोग आए जिनमें वह तीन को नहीं जनता है और अन्य तीन आकाश राहुल नरेंद्र जिन्हें वह नाम से जनता है यह गुंडे प्रवृत्ति के लोग है। वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से नहीं जनता है। इन्हीं लोगों ने मारपीट करदी जिसका वीडियो वायरल हुआ कुल 20 हजार रुपए की लूट की ऐसा आरोप पीड़ित ने लगाए है और एक मोबाइल भी तोड़ना बताया गया है।

# मजना चौकी पुलिस ने भैंसों से भरे ट्रक को किया जब्त



**टीकमगढ़।** जिले की मजना चौकी पुलिस ने रविवार देर रात भैंसों से भरे ट्रक को जप्त किया है। वाहन में 30 से ज्यादा भैंसों के नग भरे थे। पुलिस को देखते ही वाहन में सवार तीन लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने भैंसों को जसवंत नगर गौशाला में पहुंचा दिया है।

अजनौर गांव निवासी अमर सिंह लोधी ने बताया कि रविवार रात 10:30 बजे फोन पर गोवंश के परिवहन की सूचना मिली। जानकारी लगते ही वे अपने दोस्तों के साथ वाहन रोकने के लिए सड़क पर खड़े हो गए। इस दौरान यूपी 93 ईटी 0197 नंबर आईसर ट्रक निकला। उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन तेजी के साथ वह भाग निकला। अमर सिंह ने बाइक से उसका पीछा किया और सोशल साइट पर लाइव प्रसारण किया। इसके साथ ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी। अमर सिंह ने बताया कि पीछा करने के दौरान ट्रक में बैठे लोग पत्थर और रेत फेंक रहे थे। इस दौरान ट्रक चालक मबई रोड पर लगा बैरियर तोड़कर आगे भागा। वे लगातार उसका पीछा करते रहे। मजना चौकी पुलिस ने सड़क पर बैरिकेड लगा दिए। पुलिस और बैरिकेड देखकर आरोपी वाहन छोड़कर भाग निकले। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और जब ट्रक में देखा तो करीब 30 से ज्यादा भैंसों को भर गया था। पुलिस ने ट्रक जप्त कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पंचनामा की कार्रवाई के बाद भैंसों को जसवंत नगर गांव की गौशाला में शिफ्ट कर दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# सभी सहभागी विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों का करें निरंतर क्रियान्वयन : कलेक्टर




**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक टीएल बैठक में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी सहभागी विभागों द्वारा निरंतर रूप से गतिविधियों का क्रियान्वयन कर अभियान को सफल बनाने के लिए कहा है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक के अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से जनभागीदारी के कार्यों तथा नवाचार एवं तकनीक के जरिए रचनात्मक गतिविधियों को भी अभियान में बढ़ावा देने के लिए कहा। जल संरक्षण की दिशा में विभागीय गतिविधि के साथ 12 प्रकार के कार्यों में लक्ष्य अनुरूप प्रगति के साथ समय सीमा में कार्य पूर्णता के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्थानीय निकायों के अधिकारी श्रमदान जैसे कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय समूहों का चिन्हांकन कर इनकी भागीदारी भी सुनिश्चित कराएं। टीएल बैठक में आगामी 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान की रूपरेखा पर चर्चा कर बेहतर खेती के लिए जनजागरण गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी 29 मई को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पन्ना प्रवास के दृष्टिगत सामूहिक विवाह कार्यक्रम एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण, हितलाभ वितरण, विभागीय प्रदर्शनी व स्टॉल के संबंध में समय पूर्व आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर ने डैशबोर्ड पर जिले की रैकिंग में सुधार के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक पशुपालन, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को तीन दिवस में समन्वित प्रयास कर वांछित प्रगति के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिन विभागों द्वारा ई-मेल आईडी क्रिएशन एवं मैपिंग संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, वहां तत्काल फाइल मूवमेन्ट शुरू कराने के निर्देश भी दिए गए। अब तक 24 विभाग व शाखाओं द्वारा ई-ऑफिस के लिए अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों के प्रकरणों का भी अविलंब प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल

## पवई नगर में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

### पवई विधायक प्रहलाद लोधी हुए शामिल


**पन्ना।** पाकिस्तान की कायरना हरकत के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकियों के ठिकानों को नेस्तो नाबूत करने वाले भारतीय सेना के सम्मान में पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संगठन वाइस ऑफ मीडिया ब्लॉक इकाई पवई के तत्वाधान पवई विधायक प्रहलाद लोधी की मुख्य आतिथ्य, श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा जनपद अध्यक्ष की विशिष्ट आतिथ्य में विशाल तिरंगा यात्रा सोमवार को निकाली गई। इस यात्रा में गंगा-जमुनी तहज़ीब की एक अनूठी मिसाल पेश की, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक प्रहलाद लोधी ने एकता और सद्भाव के इस अद्भुत दृश्य की सराहना की। उन्होंने कहा, यह यात्रा हमारे देश की विविधता और एकता का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि हम सभी एक हैं और देश के प्रति हमारी भावना एक जैसी है। जनपद अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश के शूरवीरों को नमन किया एवं पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की यात्रा के दौरान, लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए और राष्ट्रीय ध्वज लहराया। इस तिरंगा यात्रा ने पवई के लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को और भी मजबूत किया और यह संदेश दिया कि एकता और सद्भाव ही हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। यह यात्रा करही तिराहा से होते हुए मिलौनीगंज,गांधी चौक, अजय मेडिकल,बस स्टैंड,से होकर जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची।

# भाजपा मंडल पवई की कार्यकारिणी घोषित, श्रीप्रकाश पाठक बने मीडिया प्रभारी



**पवई।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व की मंशा एवं जिला अध्यक्ष डब्बू मिश्रा तथा मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया की अनुशंसा पर भाजपा मंडल पवई की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस नई कार्यकारिणी में श्रीप्रकाश पाठक को पवई मंडल मीडिया प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नवीन दायित्व की सूचना मिलते ही श्रीप्रकाश पाठक के शुभचिंतकों, स्नेहीजनों एवं स्वजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि वे संगठन के प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# विरासत से विकास





300वीं जन्म जयंती पर
## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को कृतज्ञतापूर्ण नमन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## लोकमाता अहिल्याबाई के मूल्यों एवं आदर्शों को समर्पित

राजवाड़ा, इंदौर में
# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद बैठक
का आयोजन

## विकसित मध्यप्रदेश @2047 विज़न डॉक्यूमेंट पर मंथन

अध्यक्षता
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

20 मई, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे

D- 11027/25

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025



# आईपीएल महासंग्राम

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 09 | 03 | 18 | 0.795 |
| बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.482 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.389 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 12 | 06 | 05 | 13 | 0.207 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 12 | 0.193 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 13 | 03 | 10 | 06 | -0.701 |
| चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 06 | -0.992 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 617 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 601 |
| जायसवाल (राजस्थान) | 523 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 510 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 21 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 20 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 18 |



## बाउंड्री मीटर




1006 छक्के
1794 चौके
118 अर्धशतक

यशस्वी जायसवाल आईपीएल में पहले ओवर में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने पहले ओवर में 11 छक्के लगाकर विराट कोहली की बराबरी कर ली है।

## मैदान से हटकर

### राहुल के रिकॉर्ड शतक पर अथिया ने कहा 'Believer'

भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल (नाबाद 112 रन) ने आईपीएल में अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए रिकॉर्ड शतक जड़ा। यह उनका आईपीएल में 5वां शतक था। वे तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए शतक जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस शानदार उपलब्धि पर पत्नी अथिया शेट्टी और ससुर सुनील शेट्टी ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशी और गर्व जाहिर किया। राहुल ने अपनी बल्लेबाजी से क्रिकेटप्रेमियों का दिल जीत लिया। उन्होंने दिल्ली, लखनऊ और एक अन्य फ्रेंचाइजी के लिए शतक बनाकर यह अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर सुनील शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर राहुल की तस्वीर साझा की और लिखा, A storm in disguise वहीं, अथिया ने दिल्ली कैपिटल्स के एक पोस्ट को रीपोस्ट किया, जिसमें लिखा था, Fifth IPL hundred from the bat of the beast अथिया ने इस पोस्ट के बैकग्राउंड में इमेजिन ड्रैगन्स (Imagine Dragons) का गाना 'Believer' चुना, जो इस पल को और खास बनाता है। अथिया शेट्टी और केएल राहुल की प्रेम कहानी 2019 में तब सुर्खियों में आई, जब उनके रिश्ते की अफवाहें उड़ीं। 2021 में इस जोड़े ने अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप दिया और 23 जनवरी 2023 को एक निजी और सादगी भरे समारोह में शादी के बंधन में बंध गए। (जेएनएन)



# सीजन का आज अखिरी मैच खेलेगी राजस्थान, सीएसके से भिड़ंत

## रॉयल्स बनाम सीएसके मैच आज शाम 7.30 बजे से

जेएनएन, नई दिल्ली

प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में आपस में भिड़ेंगी, जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं, तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं। विपक्षी टीम को दबाव में डालने की क्षमता रखने वाले एक अच्छे भारतीय गेंदबाज की कमी भी टीम की बड़ी कमजोरी रही है। अगर मुंबई इंडियंस की टीम वापसी करने में सफल रही तो इसकी सबसे बड़ी वजह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट थे। अगर गुजरात टाइटंस की स्थिति मजबूत है, तो इसकी वजह मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं, जिन्होंने मिलकर 30 से अधिक विकेट लिए हैं। रॉयल्स की टीम के साथ मौजूदा सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने बल्लेबाजी में कुछ शानदार शुरुआत की जैसे कि रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ जब उन्होंने शुरुआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए, लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। मौजूदा सत्र में रॉयल्स के साथ बार-बार यह कहानी दोहराई गई। टीम सम्मान के लिए खेल सकती है और जीत के साथ अपने अभियान का अंत कर सकती है।



### हेड टू हेड

- चेन्नई और राजस्थान के बीच अब तक 30 मुकाबले खेले गए हैं। चेन्नई को 16 और राजस्थान को 14 मैचों में जीत मिली है।
- 2022 से हुए अब तक दोनों टीमों के बीच पांच मुकाबलों में राजस्थान को चार मैचों में जीत मिली है।
- दोनों के बीच हुए इस सीजन के रिवर्स मुकाबले में गुवाहाटी में राजस्थान ने सीएसके को छह रनों से हराया था। तब नीतीश राणा ने 36 गेंदों में 81 रनों की पारी खेली थी, जो चोट के कारण इस टूर्नामेंट से अब बाहर हैं और अपने घरेलू मैदान दिल्ली में यह मुकाबला नहीं खेल पाएंगे।
- दोनों टीमों ने इस सीजन सिर्फ तीन-तीन मुकाबला जीता है और जो भी टीम हारेगी, उनके लिए यह उनके आईपीएल इतिहास का सबसे खराब सीजन होगा।

### जडेजा सीएसके के मुख्य हथियार

रवींद्र जडेजा राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को तीन आईपीएल पारियों में आउट कर चुके हैं, जबकि सैमसन उनके खिलाफ सिर्फ 131 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। जडेजा ने वनिंदु हसरंगा को भी तीन आईपीएल पारियों में आउट किया है, जबकि शिमरॉन हेटमायर भी उनका दो बार शिकार हो चुके हैं।

**चेन्नई सुपरकिंग्सः** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुड्डा, सैम कुरेन, रविंद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, राहुल त्रिपाठी, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, मुकेश चौधरी।

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा, युद्धवीर सिंह।

### इस सीजन में सीएसके का भी खराब प्रदर्शन

चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और परखे हुए खिलाड़ियों को शामिल करने का उसका पुराना फार्मूला मौजूदा सत्र में पूरी तरह से विफल रहा, जिससे टीम का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी। भारत के लिए खेलने के अनुभव ने उन्हें फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध दिलाया होगा, लेकिन वे दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों के आने से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 20 साल के म्हात्रे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद तथा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। पटेल देर से टीम में शामिल हुए, लेकिन उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलकर अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने अब तक जो किया है उसे अगले सत्र का ट्रेलर कहा जा सकता है।

# प्लेऑफ की रेस में तीन टीमें, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले से होगा तय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गुजरात टाइटंस की दिल्ली कैपिटल्स पर जीत का मतलब है कि अब तीन टीमें-गुजरात, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स (पंजाब)- आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बाकी दो टीमें दिल्ली और मुंबई (मुंबई) ही 17 अंक तक पहुंच सकती हैं, लेकिन ये आपस में ही खेलने वाली हैं। इसलिए इनमें से केवल एक ही टीम उस आंकड़े तक पहुंच पाएगी। नजर डालते हैं उन टीमों पर जो चौथे स्थान की दौड़ में हैं और उन्हें वहां पहुंचने के लिए क्या करना होगा।

### दिल्ली कैपिटल्स

**बचे हुए मैचः मुंबई, पंजाब किंग्स**

गुजरात के खिलाफ हार, पिछले छह मैचों में दिल्ली की चौथी हार थी। इससे उनके प्लेऑफ में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। सबसे पहले उन्हें मुंबई को हराना होगा, ताकि वे दौड़ में बने रहें। अगर वे इसके बाद पंजाब को भी हरा देते हैं, तो वे निश्चित रूप से क्वालिफाई कर जाएंगे। अगर वे मुंबई को हराते हैं लेकिन पंजाब से हार जाते हैं, तो उन्हें उम्मीद करनी होगी कि मुंबई भी पंजाब से हारकर 14 अंकों पर रह जाए और लखनऊ अपने सभी तीनों मैच ना जीत पाए। उस स्थिति में 15 अंक दिल्ली के लिए पर्याप्त हो सकते हैं ।



### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**बचे हुए मैचः हैदराबाद, गुजरात, आरसीबी**

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि लखनऊ का नेट रन-रेट इतना खराब और मुंबई का इतना अच्छा है कि वे एनआरआर के मामले में उनसे जीत नहीं सकते। इसलिए लखनऊ को अपने तीनों बचे हुए मैच जीतने होंगे और यह भी उम्मीद करनी होगी कि मुंबई और दिल्ली दोनों 16 अंकों से नीचे रहें। हालांकि यह काफी मुश्किल है, क्योंकि लखनऊ फॉर्म में नहीं है और अपने पिछले पांच में से चार मैच गवां चुकी है। अगर उनका कोई मैच बारिश में धुलता है और वे 15 अंकों पर पहुंचते हैं, तो उनकी एकमात्र उम्मीद यही होगी कि मुंबई दोनों मैच हार जाए और दिल्ली 15 अंकों पर ही रुके। हालांकि तब भी उन्हें नेट रन रेट के मामले में जीतना होगा।

### मुंबई इंडियंस

**बचे हुए मैच : दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स**

दिल्ली की गुजरात के खिलाफ हार का मतलब है कि उनका अगला मुकाबला बहुत अहम हो गया है, जो मुंबई के खिलाफ बुधवार को है। अगर मुंबई यह मैच जीतती है, तो उनका प्लेऑफ में पहुंचना लगभग तय हो जाएगा, क्योंकि दिल्ली फिर अधिकतम 15 अंक ही हासिल कर सकती है। लखनऊ अब भी 16 अंक तक पहुंच सकती है, अगर वे अपने तीनों मैच जीतें, लेकिन उनका नेट रन-रेट (-0.469) मुंबई के मुकाबले बहुत पीछे है। अगर लखनऊ अपने तीनों मैच 300 रन के कुल अंतर से जीते और मुंबई, दिल्ली को सिर्फ एक रन से हराए, तो भी मुंबई को आखिरी मैच में पंजाब से लगभग 70 रन से हारना होगा, ताकि उनका नेट रन-रेट लखनऊ से नीचे चला जाए। सीधे शब्दों में कहें तो, अगर मुंबई, दिल्ली को हरा देती है, तो वे प्लेऑफ में पहुंचने की स्थिति में हैं। अगर वे हारते हैं, तो भी बाहर नहीं होंगे, लेकिन क्वालिफाई करना उनके हाथ में नहीं रहेगा, क्योंकि दिल्ली फिर पंजाब को हराकर 17 अंक तक पहुंच सकती है और चौथा स्थान हासिल कर सकती है। अगर दिल्ली, पंजाब से हारती है, तो मुंबई भी पंजाब को हराकर 16 अंकों के साथ क्वालिफाई कर सकती है। अगर मुंबई दोनों मैच हारती है, तो वे बाहर हो जाएंगे।

# भारत की एशिया कप में भागीदारी पर कोई चर्चा नहीं हुईः बीसीसीआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को उस खबर को 'अटकलबाजी और काल्पनिक' करार दिया, जिसमें दावा किया गया है कि उसने पुरुष एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप से हटने का फैसला किया है। सूत्रों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई भारतीय टीमों को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की दो प्रतियोगिताओं में ऐसे समय में प्रतिस्पर्धा नहीं करने देगा जब इस क्रिकेट संस्था का नेतृत्व एक पाकिस्तानी कर रहा है और कुछ ही दिन पहले दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य संघर्ष हुआ था। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं और एसीसी के अध्यक्ष का पद भी संभालते हैं। गत चैंपियन भारत सितंबर में टी-20 प्रारूप में खेले जाने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि श्रीलंका को महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप आवंटित किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, आज सुबह से ही हमें कुछ ऐसी खबरों की जानकारी मिली है कि बीसीसीआई ने एशिया कप और महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। ये दोनों ही एसीसी प्रतियोगिताएं हैं। ऐसी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है, क्योंकि अभी तक बीसीसीआई ने एसीसी की आगामी प्रतियोगिताओं के बारे में कोई चर्चा या कोई कदम नहीं उठाया है, एसीसी को कुछ भी लिखना तो दूर की बात है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई आईपीएल और अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय हमारा ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद इंग्लैंड में होने वाली श्रृंखला पर है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रृंखलाएं शामिल हैं। एशिया कप या एसीसी की किसी अन्य प्रतियोगिता से जुड़ा मुद्दा किसी भी स्तर पर चर्चा के लिए नहीं आया है, इसलिए इस पर कोई भी खबर या रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें और काल्पनिक है। सैकिया ने कहा कि यह कहा जा सकता है कि बीसीसीआई जब भी एसीसी की किसी प्रतियोगिता पर कोई चर्चा करेगा और कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा तो मीडिया के माध्यम से इसकी घोषणा की जाएगी।

# पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने के लिए बेन स्टोक्स ने छोड़ी शराब

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज के लिए तैयार होने के प्रयास में अपने पैर की मांसपेशियों की चोट के रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना छोड़ दिया है। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि इससे उनकी चोट से जल्द उबरने में मदद मिलेगी। 33 साल के स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद दिसंबर में अपने बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण वह लंबे समय तक खेल से बाहर हो गए थे। स्टोक्स ने 'अनटैप्ड पॉडकास्ट' पर कहा, अपनी पहली बड़ी चोट के बाद मुझे उसका सदमा याद है और तब मैं सोच रहा था कि यह कैसे हुआ? उन्होंने कहा, (मैंने सोचा) 'हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इसका कोई असर हो सकता है? इससे कोई मदद नहीं मिलती। स्टोक्स ने कहा कि फिर मैंने सोचा कि मैं जो करता हूं मुझे उसे बदलना होगा। स्टोक्स को पिछले साल हंड्रेड टूर्नामेंट में पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी और न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के दौरान वह फिर से चोटिल हो गए। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं कभी पूरी तरह से इससे दूर हो पाऊंगा, लेकिन मैंने दो जनवरी से शराब नहीं पी है। मैंने खुद से कहा, जब तक मैं अपनी चोट का इलाज पूरा नहीं कर लेता और मैदान पर वापस नहीं आ जाता, तब तक नहीं।



# सिंधू और प्रणय की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

## मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से शुरू हो रहे 4,75,000 डॉलर इनामी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में जब देश की अगुआई करेंगे, तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सिंधू और प्रणय दोनों ही पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं। दोनों ने पिछले महीने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मैच गंवाए थे, जो उनका पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की नजरें एक्सियाटा एरेना में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी, जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी, जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा। आकर्षी कश्यप को इंडोनेशिया की आठवीं वरीय पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे।





# बैडमिंटन : संदीप नियोगी व रविंदर चावला ने जीते तीन-तीन खिताब

**भोपाल, खेप्र।** संदीप नियोगी और रविंदर चावला ने जिया कप मिक्स ऐज डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन-तीन खिताब पर कब्जा जमाया। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा यह तीन दिवसीय स्पर्धा जिया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गोविन्दपुरा में आयोजित की गई। संदीप नियोगी ने मिक्स डबल्स में सौम्या श्रीवास्तव, पुरुष 70+ में विजेंद्र निकुम और 80+ रविंदर के साथ खिताब जीता। वहीं रविंदर ने संदीप के साथ 80+, मनीष नहारे के साथ 90+ और डॉ. शैलेन्द्र बागरे के साथ 100+ वर्ग में खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में संदीप-सौम्या ने मोहित शाह-सोनल माहेश्वरी को 21-16, 21-8 से हराया। पुरुष युगल 70+ में संदीप-विजेंद्र ने मनीष नहारे-रवि राय 21-18, 21-15, पुरुष युगल 80+ में रविंदर-संदीप ने मुकेश सिंह-रवि राय को 21-10, 19-21, 21-13 से परास्त किया। 90+ में मनीष-रविंदर ने राकेश जोशी-रवि राय को 21-14, 21-11 से, 100+ में डॉ. बागरे-रविंदर ने नरेश बागड़े-डॉ. रजनीश मारण को 21-16, 21-10 से, 110+ में लक्ष्मीनारायण नंदराजू-सुनील सातव विवि डॉ. बागरे-मुकेश सिंह को 14-21, 21-13, 21-17 से हराया।

पुरुष युगल 120+ में डॉ. बागरे-एमके डे विवि राकेश जोशी-शैलेन्द्र सिन्हा को 21-11, 21-14 से शिकस्त दी।



# 59-59 रन से जीती प्रताप हाउस व जय हिंद की टीम

**भोपाल, खेप्र।** प्रताप हाउस और जयहिंद ने अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को एकसमान 59-59 रन से अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अंडर-12 एज ग्रुप में प्रताप हाउस ने निर्धारित 25 ओवर में पांच विकेट खोकर 141 रन बनाए। रौनक कौशिक ने 30 और गुरप्रीत सिंह ने 18 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाजी हाउस की टीम 82 रनों पर सिमट गई। अक्षांश अहिरवार ने 16 और साधक जैन ने 12 रन बनाए। प्रताप हाउस के रौनक और नकुल आनंद ने 3-3 विकेट लिए। वहीं अंडर-14 एज ग्रुप में जयहिंद ने निर्धारित 30 ओवर में पांच विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम के लिए अंजली राजपूत (51) ने अर्धशतकीय पारी खेली। केतन रेवाड़ीकर ने 33 रन का योगदान दिया। वंदे मातरम के गौतम और समर्थ चौबे ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में वन्दे मातरम की टीम 83 रन बना सकी।

# खेलो इंडिया बीच गेम्स में मप्र के 39 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, तीन खेलों में पदक के लिए उतरेंगे

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के 39 खिलाड़ी और 11 ऑफिशियल्स पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स-2025 में हिस्सा लेंगे। यह खेल केंद्र शासित प्रदेश दादर और नगर हवेली, दमन और दीव में 24 मई तक चलेंगे। यह खेलो इंडिया बीच गेम्स का पहला संस्करण होगा, जो भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल के तहत नवीनतम संस्करण है। प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स में आठ खेल शामिल हैं। मध्यप्रदेश के खिलाड़ी तीन खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मध्यप्रदेश के दल ने बीच सॉकर, पेनकैक सिलाट और मल्लखंब के लिए क्वालिफिकेशन प्राप्त किया है। पेनकैक सिलाट में 15 खिलाड़ी ,मल्लखंब में 12 और बीच सॉकर में महिला दल में 12 खिलाड़ी शामिल हैं। बीच सॉकर और पेनकैक सिलाट प्रतियोगिता 20 से 23 मई तक खेली जाएगी। मलखंब स्पर्धा 21 मई खेला जाएगी।




**मल्लखंबः** तनिश प्रजापति, सोनू कुशवाह, हनी बिकुंदिया, त्रिलाक गौड, मयंक सेन, श्लोक गहलोत,भाव्या मालवीय, तमन्ना गहलोत, सुहानी खरमोला, प्रीति कहार, अन्वेश पांचाल, अनुष्का शर्मा, श्वेता चौहान, अंजली गुप्ता, गायत्री मालवीय, रूपेश कुम्भकर, पियूष पवैया।

**गेम्स :** बीच सॉकर, पेनकैक सिलाट, सेपकटकरा, बीच कबड्डी, बीच वॉलीबॉल, ओपन वॉटर स्विमिंग, मलखंब। मलखंब और टग आफ वार डेमो स्पोर्ट्स के रूप में शामिल हैं।

**पेनकैक सिलाट :** भूमिका जैन, दिशा रेड्डी, निहारिका राजपुरोहित, अनुश्री कुशवाह, पिंकी कोल, रीना गुर्जर, हिमांशी जाट, हर्ष जायसवाल, प्रांजल बुडानिया, रिषभ जायसवाल, अमित रजक, आसिफ अली, महेंद्र स्वामी, अजय कैला। सपोर्ट स्टॉफः बालक वर्ग प्रशिक्षक आशु कुमार और बालिका वर्ग प्रशिक्षक जैनब खान। **मैनेजर :** अवरार अहमद शेख।

**बीच सॉकर :** शुभांगी ब्रम्हे, रिंकी ठाकुर, समीक्षा कुमारी, नेहा, मुस्कान प्रजापति, रिंकी लखेरा, दीक्षा साब्ले, प्रिया सिसोदिया, मोहिनी राउत, सयुक्ता कब्बादी, उमा उईके, निलिमा बटटी। **प्रशिक्षक :** आशीष पिल्लई। **मैनेजर :** चेतना ध्रुर्वे और फीजियो महक मोटवानी।

## समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

## टाटा मैजिक में लगी आग, गाड़ी जलकर खाक

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र स्थित अमृत कॉलोनी में सोमवार शाम एक टाटा मैजिक वाहन में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन खाली था। जानकारी के अनुसारए वाहन क्रमांक एमपी.19 जीए 2261 अमृत कॉलोनी में एक खाली प्लॉट में खड़ा था। करीब 4 बजे उसमें अचानक आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों ने जब वाहन से धुआं और लपटें निकलती देखीं तो तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

Dr. Juneja's®
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
20% EXTRA
TABLETS
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa
www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

# सिंधी कैम्प स्थित कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान खाक

### नगर निगम के 7 दमकल व 22 कर्मचारी लगे आग बुझाने में

**जागरण सतना**

सोमवार को शहर के बीच आवासीय इलाके में स्थित कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग जाने से हडकम्प मच गया। लोगो के बीच अफरा तफरी मच गई। यह घटना कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंधी कैम्प में स्थित कबाड़ गोदाम में घटी है। घटना की जानकारी लगते ही नगर निगम का अमला दलबल के साथ पहुच गया। इधर कोलगवां पुलिस भी मौके पर पहुची। घनी आबादी के बीच स्थित इस कबाड गोदाम में आग लगने से वहां आसपास रहने वाले लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गये। कबाड़ दुकान के संचालक का नाम कमल मेदवानी बताया गया है।



### तीन घंटे तक करनी पड़ी मसक्कत

बताया जाता है कि हरीश नामक कबाड़ी की गोदाम में लगी आग को बुझाने में नगर निगम के फायर अमले को तीन घंटे कड़ी मसक्कत करनी पड़ी तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। यह घटना शाम तकरीबन 5 बजे घटी है। आग लगने से शहर में काफी दूर तक धुआ ही धुआ दिखाई पड रहा था। आग किस वजह से लगी अब तक पता नहीं चल है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### सड़क पर निकले लोग

आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के घरों में रहने वाले लोग सुरक्षा की दृष्टि से सड़क पर आ गए। स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों के अनुसार आग पर काबू पाने के लिए राहत और बचाव कार्य चलाया गया जिसमें आस.पास के घरों को खाली करवाया गया और लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### दमकल की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

फायर अधिकारी आर पी परमार ने बताया कि 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 7 दमकल वाहनों से आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होने बताया कि 22 ट्रिप पानी का छिडकाव कर आग बुझाई गई है। इस दौरान नगर निगम के 22 कर्मचारी काम मे लगाये गये थे। इतना ही नही नगर निगम वाटर लारी व नगर निगम की जेसीबी का उपयोग भी कबाड़ गोदाम की आग बुझाने में उपयोग की गई है।



# स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य को कलेक्टर ने थमाई नोटिस

### भू-अर्जन के प्रकरणों में भूमि और परिसम्पत्तियों का अवार्ड एक साथ बनायें



**जागरण सतना।** सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने विभिन्न विभागों के समन्वय के मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि भू-अर्जन के प्रकरणों में भूमि और उस पर निर्मित परिसम्पत्तियों का अवार्ड एक साथ पारित किया जाना चाहिए। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में वृक्षारोपण की तैयारी, जल गंगा संवर्धन अभियान, सीएम डैश बोर्ड के प्रकरण, स्थानांतरण के प्रस्ताव आदि के संबंध में समीक्षा की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, एपी द्विवेदी, एलआर जांगडे, आरएन खरे, सुधीर बेक, अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी, जनपद के सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने रेल्वे, बरगी नहर बाणसागर एवं अन्य विभागों के भूमि आवंटन, भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समन्वय से संबंधित सभी विभाग अपने मुद्दे अगली टीएल से पहले पोर्टल में फीड करें। कलेक्टर ने कहा कि एक-दूसरे विभाग से जुडे समन्वय के मुद्दे टीएल बैठक में रखे और उनका समाधान कराये। भू-अर्जन के प्रकरणों में कलेक्टर ने कहा कि अर्जित की जानी वाली भूमि और उस पर निर्मित परि-सम्पत्तियों का मुआवजा अवार्ड अलग-अलग जारी करने की बजाय एक साथ सम्मिलित रूप से बनाये। जिले में भूमि और उस पर निर्मित सम्पत्ति का अलग-अलग अवार्ड पारित करने की परम्परा रही है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को शासन द्वारा संधारित मंदिरों की निर्धारित प्रारूप में जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सभी महाविद्यालयों द्वारा जनभागीदारी समिति से किये गये और किये जाने वाले कार्यों की जानकारी अभी तक नहीं प्रस्तुत करने पर कलेक्टर ने नोडल प्राचार्य शास. स्वशासी महाविद्यालय सतना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

**नदी सफाई का अभियान चलाने दिये निर्देश :** जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने अगले गुरूवार की प्रातः नगर निगम क्षेत्र में दो स्थानों पर कॉलेज के एनएसएस, एनसीसी, जन अभियान परिषद के सहयोग से नदी सफाई का अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को इस सप्ताह कम से कम श्रमदान और सफाई का एक बडा कार्यक्रम करने के निर्देश भी दिये। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वयंसेवी संस्थाओं, जन अभियान परिषद एवं कॉलेज के स्वयं सेवी युवाओं के सहयोग से श्रमदान के कार्यक्रम सतत रूप से चलाने के निर्देश दिये गये। वृक्षारोपण की तैयारी की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि बरसात के समय पौधरोपण के लिए गड्ढों की तैयारी, फेनसिंग और पौधों की उपलब्धता के कार्य शुरू करें। सभी विभाग अपनी-अपनी कार्य योजना के अनुसार पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सतना जिले में 14.50 लाख पौधे वन विभाग और 5-5 लाख पौधे वृहद सीमेंट प्लांट द्वारा लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके अलावा सीएसआर मद से प्राप्त पौधों में 50-50 हजार कृषि विभाग और उद्यानिकी किसानों को दिये जायेंगे। इसके लिए कलेक्टर ने किसानों की सूची सहित मांग पत्र जिला पंचायत में प्रेषित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ई-ऑफिस की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को ऑन बोर्ड होने के निर्देश दिये।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के महाप्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश

31 मई के बाद उन तक आने वाली कोई भी फाइल आफलाइन स्वीकार नहीं की जायेगी। कलेक्टर ने जिला पर्यटन संवर्धन समिति का शीघ्र गठन कर बैठक बुलाने के निर्देश दिये। सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती के राजस्व कार्यो में सतना जिले का 19वां स्थान होने पर कलेक्टर ने राजस्व कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सीएम डैश बोर्ड के आधार पर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैश बोर्ड में कार्य ठीक नहीं होने पर महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# शून्य मस्टर होने पर कलेक्टर ने उपयंत्रियों व सचिवों का वेतन काटने दिये निर्देश



**जागरण सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शुरू किये गये कार्यो को कराये जाने में मस्टर तो जारी किये गये मगर उपस्थिति शून्य पाये जाने पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव जीआरएस व उपयंत्रियों के वेतन काटने के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सतना के अंतर्गत सतना जिले में 1478 खेत तालाब का लक्ष्य दिया गया था। साथ ही 681 , ओपेन डगवेल रिर्चज का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर 30 जून तक कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये थे मगर सचिव जीआरएस व उपयंत्रियों के मनमानी के चलते राज्य स्तर पर सतना जिला बाटम 5 पर है। 10 मई को कलेक्टर द्वारा समीक्षा भी की गई थी मनरेगा पोर्टल पर सामुदायिक कार्यो के लिए जारी किये गये मस्टर रोलो में श्रमिको की उपस्थिति अपलोड नही किये जाने से मस्टर रोल शून्य हो गये।

### इन पर हुई कार्यवाही

कलेक्टर सतीश कुमार एस ने जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत आने वाली 11 ग्राम पंचायतों के 6 उपयंत्रियों , 3 सचिव जीआरएस , नागौद के 45 ग्राम पंचायतों के 6 उपयंत्रियों व 22 सचिव जीआरएस रामपुर बाघेलान के 15 पंचायतों में 7 उपयंत्री दो सचिव जीआरएस सोहावल की 17 पंचायतो में 17 सचिव जीआरएस और उचेहरा की 11 पंचायतो के दो उपयंत्री और 9 सचिव जीआरएस का वेतन काटने निर्देश दिये गये है। जिसमें उपयंत्री सतीश समेले, अजय खरे, धर्मेन्द्र कोरी, रमाकान्त त्रिपाठी, आशीष तिवारी, अखिलेश सोनी, संकल्प राणा, राजीव लोचन त्रिपाठी प्रमोद तिवारी, कौशल किशोर पटेल , हेमन्त तिवारी , प्रमोद शुक्ला , मनोज खम्परिया, अतुल सिंह, मोती लाल लढिया, राकेश यादव , दीपक सिंह, राकेश ताम्रकार का नाम प्रमुखता से शामिल है।

# कक्षा 7, 8, 9 एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 10 जून तक

**सतना।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासी विद्यालय शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सोहावल संचालित स्थल भल्ला डेरी फार्म के पीछे बदखर सतना में वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं से 12वीं तक कक्षायें संचालित की जा रही है। आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सोहावल के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में स्वीकृत सीट के विरूद्ध अनुसूचित जनजाति वर्ग की कक्षा 7वीं में 4 सीट, कक्षा 8वीं में 13 सीट, कक्षा 9वीं में 17 सीट तथा कक्षा 11वीं में 71 सीट रिक्त है। रिक्त सीटों को लेटर प्रवेश के माध्यम से भरा जायेगा। संस्था में निःशुल्क आवेदन करने के लिए अभिलेख संलग्न करना होगा। जिसमें प्रोफाइल, डिजिटल जाति, आय, निवास, कक्षा 5वीं की अंकसूची, आधार एवं समग्र आईडी तथा 2 पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 10 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं। प्रवेशित छात्राओं को संस्था परिसर में निःशुल्क आवास एवं भोजन, पाठय सामग्री, यूनिफार्म की सुविधा कराई जाती है। अनुसूचित जनजाति वर्ग की ऐसी छात्रा जो कक्षा 7, 8, 9 एवं 11वीं प्रवेश के लिए इच्छुक हो, वे छात्रायें संस्था में उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9424781662 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

# मैहर के बाबा तालाब में जल चौपाल आयोजित



**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोमवार को मैहर जनपद में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जल चौपाल में सभी नवांकुर समिति के पदाधिकारी, परामर्शदाता और मुख्यमंत्री नेतृत्व विकास क्षमता के छात्र सम्मिलित हुए। जल चौपाल को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी में कहा कि यह अभियान हमें अवसर देता है कि जल के संरक्षण में अपनी भूमिका निर्वाह करे। साथ ही हम अपने पाठ्यक्रम से सीखे हुए नेतृत्व का प्रयोग करते हुए अपने प्रायोगिक गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ चौपाल के माध्यम से इस विषय का प्रचार-प्रसार करें और छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अपना योगदान करें। जल चौपाल के उपरांत सभी उपस्थित जन ने सामूहिक श्रमदान के माध्यम से बाबा तालाब की खज्जी निकालने हेतु श्रमदान किया। श्रमदान के पश्चात सभी के द्वारा सामूहिक शपथ में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।

# संकट मोचन हनुमान मंदिर मे हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**जागरण सतना।** उचेहरा पुलिस ने संकट मोचन हनुमान जी मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी सतीश मिश्रा की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। घटना 13 मई की रात को हुईए जब अज्ञात चोर ने मंदिर के तीन ताले तोड़कर दान पेटी से नकदीए चार फूलों के घड़ियालए पीतल की महा आरतीए फूल की थालीए लोटाए और घंटा चुरा लिया। मंदिर के पुजारी श्याम बिहारी पांडे को सुबह 5 बजे सूचना मिली कि मंदिर के दरवाजे खुले हैं। फरियादी बृज बिहारी पांडे ने थाने में शिकायत दर्ज की।

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

English Medium
Anupama Hr.Sec.School
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
anupamahighersecondaryschool@gmail.com, aesmp.org

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com